दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली मंगलवार 02 जून -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 159 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## जाली साइन मामले में अभिषेक बनर्जी के घर पहुंची सीआईडी टीएमसी नेता ने मांगा 15 दिन का समय, बीमारी को बताया वजह



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांगेस के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी को सोमवार को सीआईडी के सामने पेश होना था लेकिन अब खबर आ रही है कि वे पेश नहीं हो सकेंगे।

उन्होंने इसका कारण स्वास्थ्य को बताया है। सूत्रों के मुताबिक, अभिषेक बनर्जी ने बीमारी का हवाला देते हुए सीआईडी के पेश होने के लिए 2 सप्ताह का समय मांगा है।

**पुलिस ने दी जानकारी :** पुलिस ने बताया, ह्लसीआईडी ने 30 मई को टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी को नोटिस जारी कर उन्हें 1 जून को जांच अधिकारी के सामने पेश होने और 6 मई की तारीख वाली मीटिंग की मूल प्रस्ताव पुस्तिका साथ लाने का निर्देश दिया था। उन्होंने अपने वकील के जरिए जांच अधिकारी को एक पत्र भेजकर दो सप्ताह का समय मांगा है, जिसमें उन्होंने सोनारपुर की घटना के कारण अपनी खराब सेहत का हवाला दिया है।

# सूर्या हत्याकांड : असद के घर बुलडोजर एक्शन की तैयारी

## आरोपी के घर पर चस्पा हुआ नोटिस, तीन दिन चलेगा ऑपरेशन क्लीन स्वीप



हत्यारोपी असद (मृतक)



मृतक सूर्या प्रताप चौहान

**मर्डर**

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पीड़ित परिवार को दिया भरोसा, पूर्व विधायक संगीत सोम बोले दोषियों पर होगी कठोर कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** खोड़ा क्षेत्र के बहुचर्चित सूर्या प्रताप चौहान हत्याकांड में मुख्य आरोपी असद के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद अब प्रशासनिक कार्रवाई भी तेज हो गई है। सोमवार को प्रशासन ने नवनीत विहार स्थित असद के मकान पर उप जिलाधिकारी द्वारा जारी नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई और 15 दिनों के भीतर कथित अवैध कब्जा हटाने का अल्टीमेटम दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई न होने पर बुलडोजर चलाया जाएगा। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान ढोल-नगाड़ों और लाउडस्पीकर के माध्यम से पूरे क्षेत्र में घोषणा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी रविंद्र मांदड, एडिशनल सीपी पुलिस राजकरन नैय्यर, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों के अनुसार यह संपत्ति असद के पिता के नाम दर्ज है। संपत्ति को बेचने की चर्चाएं सामने आई थीं, लेकिन अभिलेखों में स्वामित्व अब भी पूर्व स्थिति में दर्ज पाया गया है। प्रशासन ने संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच शुरू कर दी है। इधर, प्रदेश सरकार ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिया है।

कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और सुरक्षा तथा सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।



### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कड़ा संदेश, कहा - मित्रता की आड़ में हिंसा कतई बर्दाश्त नहीं

करंट क्राइम : गाजियाबाद के चर्चित सूर्य चौहान हत्याकांड को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाया है। बिजनौर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने इस घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि मित्रता या किसी भी व्यक्तिगत संबंध की आड़ में की गई हिंसा और हत्या जैसी घटनाएं किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकतीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजियाबाद में जिस प्रकार मित्रता का विश्वास जीतकर एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या की गई, वह अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि विश्वास का घोर उल्लंघन भी है। सीएम ने कहा कि दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी, ये कतई स्वीकार्य नहीं होगा, अगर कोई अपनी नालायक औलाद को समझा नहीं पा रहा है, तो समझो कि वो गलती कर रहा है...। ऐसी मानसिकता समाज के लिए खतरा है और इसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई आवश्यक है। योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कहा कि राज्य में किसी भी अपराधी को संरक्षण नहीं दिया जाएगा। दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई होगी और उन्हें उनके कृत्य का दंड अवश्य मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति गलत मार्ग पर चल रहा है और उसके परिवारजन भी उसे रोकने या सुधारने का प्रयास नहीं कर रहे हैं, तो कानून अपना दायित्व निभाते हुए उसे सबक सिखाएगा। मुख्यमंत्री का यह बयान राज्य सरकार की अपराध के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को दशार्ता है तथा यह संदेश देता है कि कानून और व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के लिए किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने परिवार को दिया समर्थन का भरोसा



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक सुनील कुमार शर्मा ने सूर्या चौहान के परिजनों से मुलाकात कर घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा सरकारी स्तर पर हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

### खोड़ा में तीन दिन चलेगा ऑपरेशन क्लीन स्वीप : सीपी



करंट क्राइम : सूर्या हत्याकांड के बाद खोड़ा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर बड़े स्तर पर अभियान शुरू किया गया है। प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाने का फैसला लिया है, जो लगातार तीन दिनों तक जारी रहेगा। अभियान के तहत अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों और असामाजिक तत्वों के घरों की तलाशी ली जाएगी। पुलिस ड्रोन कैमरों से छतों की निगरानी करेगी, जबकि स्नाइपर डॉग स्क्वॉड को भी अभियान में लगाया गया है। संदिग्ध गतिविधियों, अवैध हथियारों और अपराधियों के ठिकानों की पहचान की जाएगी। प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि क्षेत्र में अपराध से अर्जित अथवा अवैध रूप से निर्मित संपत्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ अलग से कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि खोड़ा को अपराध मुक्त बनाने के लिए यह अभियान निर्णायक साबित होगा।

### मुख्य आरोपी ऊपर जा चुका, बाकी भी जाएंगे : संगीत सोम





करंट क्राइम : सोमवार को भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम भी खोड़ा पहुंचकर सूर्या चौहान के परिवार से मिले। उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि समाज में अपराध और कट्टर सोच के लिए कोई स्थान नहीं है। संगीत सोम ने कहा कि सूर्या की हत्या पर कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों की चुप्पी सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि एक आरोपी ऊपर जा चुका है, बाकी भी कानून के शिकंजे में आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर कार्रवाई जारी रहेगी। पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार को अपनी ओर से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की। दरअसल अब सूर्या प्रताप चौहान हत्याकांड अब केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर बड़ी कार्रवाई का केंद्र बन गया है। मुख्य आरोपी असद के एनकाउंटर के बाद अब बुलडोजर कार्रवाई, अपराधियों की संपत्तियों की जांच और खोड़ा में व्यापक पुलिस अभियान ने यह संकेत दे दिया है कि प्रशासन इस मामले को उदाहरण बनाने की तैयारी में है।



### एसडीएम अरुण दीक्षित ने पीड़ित परिवार को सौंपी राहत राशि

करंट क्राइम : खोड़ा क्षेत्र के चर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड में मुख्यमंत्री के निर्देश एवं जिलाधिकारी के आदेश पर सदर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) अरुण दीक्षित ने मृतक सूर्या के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को शासन की योजना के तहत राहत राशि प्रदान की गई। इस दौरान अधिकारियों ने परिवार को हर संभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

## सूर्या चौहान हत्याकांड के सभी दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई पीड़ित परिवार को मिले एक करोड़ की सहायता : अमरपाल शर्मा

### - शोकाकुल परिवार से मिले सपा नेता अमरपाल शर्मा



गाजियाबाद, करंट क्राइम : खोड़ा में हुए बहुचर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड को लेकर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अमरपाल शर्मा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि सूर्या चौहान की हत्या ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है और इस घटना में शामिल प्रत्येक दोषी को कानून के अनुसार कठोर दंड मिलना चाहिए। अमरपाल शर्मा ने कहा कि मुख्य आरोपी असद को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है, लेकिन हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई होना आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी दोषियों को शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। सपा नेता ने मृतक सूर्या चौहान की माता से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि इस कठिन समय में वह परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी मां के लिए अपने बेटे को खोने का दर्द असहनीय होता है और पूरे समाज को इस परिवार के साथ संवेदनात्मक रूप से खड़ा होना चाहिए।

#### आर्थिक सहायता की भी उठाई मांग

करंट क्राइम : सपा नेता अमरपाल शर्मा ने कहा कि सूर्या चौहान का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस संबंध में विशेष पहल करने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि न्याय के साथ-साथ पीड़ित परिवार को आर्थिक संबल देना भी सरकार की जिम्मेदारी है, जिससे परिवार भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सके।

## जिसका जाता है, दर्द वही समझता है: कांग्रेस नेता डोली शर्मा

### कांग्रेस दल ने की सूर्य प्रताप चौहान के परिजनों से मुलाकात

**कांग्रेस नेत्री ने कहा कि कानून ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जो कार्रवाई की है, वह उचित है, लेकिन पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय मिलना भी उतना ही जरूरी है।**



करंट क्राइम : खोड़ा क्षेत्र के सूर्य प्रताप चौहान हत्याकांड में सोमवार को कांग्रेस नेत्री डोली शर्मा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं। उन्होंने मृतक सूर्य प्रताप चौहान की मां सरोज से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। डोली शर्मा ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और पीड़ादायक है। उन्होंने कहा, जिसका जाता है, दर्द वही समझता है। उन्होंने कहा कि दोषियों को कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि कानून ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जो कार्रवाई की है, वह उचित है, लेकिन पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय मिलना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। मुलाकात के दौरान डोली शर्मा ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि समाज और प्रशासन को ऐसे कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहना चाहिए। सूर्य प्रताप चौहान हत्याकांड को लेकर क्षेत्र में अभी भी लोगों में आक्रोश है और विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि लगातार पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।



### असद के घर प्रशासन ने चस्पा किया नोटिस

करंट क्राइम : सूर्या चौहान हत्याकांड के मुख्य आरोपी असद के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। सोमवार को प्रशासनिक टीम ने आरोपी असद के आवास पर नोटिस चस्पा किया। प्रशासन की ओर से यह कार्रवाई पटवारी पंकज की देखरेख में की गई। नोटिस चस्पा करने की प्रक्रिया के दौरान नगर पालिका कर्मचारी जय भगवान भी मौके पर मौजूद रहे।

## अपराधियों की तलाश में सड़कों पर उतरे एडिशनल सीपी, इंदिरापुरम, खोड़ा और लोनी में चला मेगा सत्यापन अभियान

**सत्यापन अभियान**

### संदिग्धों की जांच और सर्च ऑपरेशन से अपराधियों में मची खलबली

## वरिष्ठ अधिकारियों की अगुवाई में पुलिस का बड़ा एक्शन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपराधियों और अवैध गतिविधियों में शामिल तत्वों के खिलाफ सोमवार को बड़ा अभियान चलाया गया। सीपी जे रविंदर गौड निर्देशन में इंदिरापुरम और लोनी सर्किल क्षेत्र में एक साथ सघन सत्यापन एवं सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्वयं मैदान में उतरे और पुलिस टीमों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में जांच-पड़ताल की। इंदिरापुरम सर्किल क्षेत्र में खोड़ा इलाके में एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर , डीसीपी धवल जायसवाल के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। वहीं लोनी सर्किल क्षेत्र में एडिशनल सीपी मुख्यालय/अपराध केशव कुमार चौधरी और डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने अभियान की कमान संभाली। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने विभिन्न इलाकों में पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की, उनके पहचान और निवास संबंधी दस्तावेजों का सत्यापन किया तथा कई स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने ऐसे लोगों पर विशेष नजर रखी जो संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाए जा सकते हैं।

इस अभियान में पुलिस कमिश्नरेट के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे। एसीपी रितेश त्रिपाठी, एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी अजय कुमार, एसीपी भास्कर वर्मा और एसीपी सिद्धार्थ गौतम समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल ने अलग-अलग क्षेत्रों में अभियान को अंजाम दिया। एडिशनल सीपी केशव कुमार चौधरी ने कहा कि अपराधियों और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

वहीं एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर ने कहा कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आम जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से सत्यापन और सर्च अभियान लगातार जारी रहेंगे। पुलिस की निगाह हर संदिग्ध गतिविधि पर है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नरेट में सीपी के इस संयुक्त अभियान को अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश माना जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में चले इस अभियान से साफ है कि गाजियाबाद पुलिस अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सक्रिय मोड में है।

### लोनी में मेगा सर्च ऑपरेशन, 372 अपराधियों का सत्यापन



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट में सोमवार को लोनी क्षेत्र में मेगा सर्च ऑपरेशन और अपराधियों के भौतिक सत्यापन अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, दस्तावेजों का सत्यापन और सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान 372 अपराधियों का सत्यापन किया गया, जिनमें 85 हिस्ट्रीशीटर, 60 लुटेरे, 80 चोर, 25 स्नैचर, 30 हत्या के आरोपी, 60 दुष्कर्म/छेड़छाड़ के आरोपी और 32 अन्य अपराधी शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था मजबूत करने और अपराधियों पर नजर रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।



## पश्चिम बंगाल की महिलाओं को सरकार ने दिया बड़ा तोहफा!

# सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा शुरू

**खुशखबरी!**

**योजना की शुरूआत होने पर महिलाओं ने खुशी जताई**




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सोमवार से महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना की शुरूआत हो गई है। राज्य सरकार ने पहले ही इस महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा कर दी थी और अब इसे जमीनी स्तर पर लागू कर दिया गया है। सरकार का दावा है कि इस योजना से लाखों महिलाओं को रोजमर्रा की यात्रा में आर्थिक राहत मिलेगी और उन्हें शिक्षा, रोजगार तथा अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने में सुविधा होगी। योजना की शुरूआत होने पर महिलाओं ने खुशी जताई है और कहा है कि यह योजना बहुत लाभदायक साबित होगी। इससे महीने के कन्वेंस खर्च में काफी बचत होगी।

**बस में मिलेगा जीरो वैल्यू टिकट :** इस योजना के तहत महिलाओं को बस में यात्रा के दौरान टिकट लेना होगा, लेकिन यह टिकट 'जीरो वैल्यू टिकट' होगा। यानी टिकट जारी किया जाएगा, लेकिन इसके लिए कोई किराया नहीं देना पड़ेगा। राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार सरकारी बसों में सफर करने वाली महिलाओं को यात्रा के दौरान अपने निवास संबंधी दस्तावेज दिखाने होंगे। दस्तावेजों की जांच के बाद उन्हें जीरो वैल्यू टिकट जारी किया जाएगा। इससे यात्रियों का रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा और योजना के लाभार्थियों का सही आंकड़ा भी सरकार के पास उपलब्ध रहेगा।

**सिर्फ राज्य की महिलाओं को मिलेगा लाभ :** सरकार ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल केवल पश्चिम बंगाल की स्थायी निवासी महिलाएं ही इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। दूसरे राज्यों या देशों की महिला यात्रियों को यह सुविधा नहीं मिलेगी। इसके लिए महिलाओं को अपने साथ कोई वैध पहचान पत्र रखना होगा।

**ये 12 डॉक्यूमेंट सफर में आएंगे काम :** योजना का लाभ लेने के लिए 12 प्रकार के दस्तावेजों में से किसी एक को दिखाना पर्याप्त होगा। इनमें आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, राज्य या केंद्र सरकार द्वारा जारी कर्मचारी पहचान पत्र, स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय का पहचान पत्र तथा सरकार द्वारा जारी अन्य वैध पहचान पत्र शामिल हैं। इस योजना के तहत राज्य के विभिन्न हिस्सों में चलने वाली सरकारी बसों में महिलाएं निशुल्क यात्रा कर सकेंगी।

## सूर्या हत्याकांड पर बोले सीएम योगी

# 'दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी'



**बिंदास बोल**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की संवेदनाएं सामान्य और कानून का पालन करने वाले नागरिकों के साथ**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में सूर्या प्रताप चौहान और असद से जुड़ी घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नालायक औलादों को सबक सीखना होगा। सीएम ने कहा कि शस्त्र उठाना होगा अगर सामने खर-दूषण हो।

**'अहिंसा और मानवता समाज के आभूषण हैं'**

सीएम योगी ने सूर्या और असद से जुड़ी घटना पर कहा, 'दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नालायक औलादों को सबक सीखना होगा।' मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की संवेदनाएं सामान्य और कानून का पालन करने वाले नागरिकों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के अनुरूप प्रदेश और देश में सभी वर्गों को बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अहिंसा और मानवता समाज के आभूषण हैं, लेकिन जब समाज और व्यवस्था के सामने चुनौती खड़ी करने वाली ताकतें हों, तब उनके मुकाबले के लिए आवश्यक कदम उठाना भी जरूरी हो जाता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सभी को कानून और व्यवस्था का सम्मान करना चाहिए तथा किसी को भी नियमों से ऊपर नहीं समझना चाहिए।

मुख्यमंत्री के इस बयान को गाजियाबाद की हालिया घटना के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जहां कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द को लेकर चर्चा जारी है। उन्होंने दोहराया कि प्रदेश सरकार कानून का राज स्थापित करने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**क्या है पूरा मामला? :** गाजियाबाद में 28 मई की शाम एक 17 वर्षीय युवक सूर्या चौहान की चाकू से हमले के बाद मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घटना के पीछे पुरानी दुश्मनी को वजह माना जा रहा है। आरोप है कि सूर्या को उसके कुछ पुराने परिचितों ने फोन कर एक स्थान पर बुलाया था।

जैसे ही वह वहां पहुंचा, कई युवकों ने उसे घेर लिया और धारदार हथियार से हमला कर दिया।

# नया महीना, नई महंगाई... कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 42 रुपये तो 5केजी वाला 11 रुपये महंगा

**हाय महंगाई!**

**नई दरों के अनुसार, दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर महंगा होकर अब 3113.50 रुपये का हो गया है**




**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है। नई दरों के अनुसार, दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर 42 रुपये महंगा होकर अब 3113.50 रुपये का हो गया है। वहीं कोलकाता में इसकी कीमत 53.50 रुपये बढ़कर 3255.50 रुपये पहुंच गई है। ये बदलाव 1 जून से प्रभावी होगा, जिससे होटल, रेस्तरां, ढाबा और अन्य व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ बढ़ सकता है। हालांकि, घरेलू इस्तेमाल के सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

व्यावसायिक इस्तेमाल वाले 19 किलोग्राम के गैस सिलेंडर की दरों में महानगरों के अंदर अलग-अलग बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में जहां प्रति सिलेंडर 42 रुपये ज्यादा देने होंगे। वहीं, कोलकाता के व्यापारियों पर 53.50 रुपये का ज्यादा वित्तीय बोझ पड़ेगा, जिससे दोनों शहरों में कमर्शियल एलपीजी के दाम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। कमर्शियल सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी ऐसे वक्त में हुई है, जब कारोबार पहले से ही ईंधन और परिवहन की बढ़ती लागत से जूझ रहे हैं। इसके अलावा तेल विपणन कंपनियों ने छोटे व्यापारियों और नागरिकों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 5 किलोग्राम के एफटीएल सिलेंडर की कीमत में भी 11 रुपये का इजाफा किया है, जिसके बाद दिल्ली में ये छोटा सिलेंडर अब 821.50 रुपये की नई दर पर मिलेगा।

# नीट पेपर लीक केस: कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में परीक्षा पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी की 21 जून की होने वाली परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के रूप में कराई जाने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने अभी कोई आदेश देने से साफ इनकार किया है। कोर्ट ने कहा कि पेपर लीक से जुड़ी पहले से लंबित याचिकाओं के साथ ही हम जुलाई में इसकी सुनवाई करेंगे।

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सांसद सुधाकर सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में याचिका दाखिल की थी। सोमवार को जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने मामले को जुलाई तक के लिए टाल दिया, जिससे नीट की दोबारा परीक्षा के लिए मांगी गई राहत प्रभावी रूप से खारिज हो गई।

याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि वह केवल उस मांग पर जोर दे रहे हैं जिसमें दोबारा परीक्षा सीबीटी मोड में करवाने की बात कही गई है। हालांकि,

**'सुप्रीम' इनकार**

**कोर्ट ने कहा कि पेपर लीक से जुड़ी पहले से लंबित याचिकाओं के साथ ही हम जुलाई में इसकी सुनवाई करेंगे**



जस्टिस नरसिम्हा ने टिप्पणी की कि कोर्ट पहले भी इसी तरह की याचिकाओं को खारिज कर चुका है।

जब वकील ने दोबारा कहा कि वह केवल सीबीटी से संबंधित मांग पर ही जोर दे रहे हैं, तो बेंच ने संकेत दिया कि वह इस मामले पर तुरंत सुनवाई नहीं करेगी। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा, ₹हम इसे छुट्टियों के बाद देखेंगे।₹ इसके साथ ही, उन्होंने मामले की सुनवाई टाल दी। वहीं, नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आरोपी डॉक्टर मनोज शिरूरे, आरोपी तेजस हर्षद कुमार शाह और मनीषा संजय हवलदार को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

सोमवार को तीनों आरोपियों की कस्टडी समाप्त होने पर सीबीआई ने उन्हें अदालत में पेश किया। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला देते हुए तीनों आरोपियों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

# मेधावियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया सम्मानित




**सम्मान**

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 223 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को देश की मजबूत नींव यानी उत्तर प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने यूपी बोर्ड, सीबीएसई के साथ ही साथ आईएससी-आईसीएससी बोर्ड के मेधावियों को एक-एक लाख रुपये का चेक और टैबलेट प्रदान किया।

**मेधावियों को एक-एक लाख का चेक और टैबलेट प्रदान किया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 223 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। इसमें विभिन्न बोर्ड के मेधावियों के साथ उत्तर प्रदेश संस्कृत शिक्षा परिषद के छात्र-छात्राएं भी थे। लखनऊ में कार्यक्रम के साथ प्रदेश के 1459 जिला स्तर के मेधावियों को भी जिला मुख्यालयों पर आयोजित समारोहों में 21 हजार रुपये, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को देश के भविष्य के निमार्ता की उपाधि देने के साथ उनके माता-पिता व शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई। उन्होंने अभिभावकों को भी बड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दो-वर्ष तीन वर्ष के बच्चों को मोबाइल पकड़ाना अनुचित है। उन्हें थोड़ा अन्य रचनात्मक विकास वाले कार्यों से जोड़िए। भगवान राम के गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र और वाल्मीकि ने उन्हें गढ़ा और ज्ञान की परंपरा ने भारत को विश्वगुरु का दर्जा दिलाया। आज उसी कड़ी में यह मेधावियों का सम्मान भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्र-छात्राओं से यह अवश्य कहना चाहूंगा कि आप स्मार्टफोन के लिए अपने अभिभावकों पर अनावश्यक दबाव न डालें। डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़ें, अपने पाठ्यक्रम पर ध्यान दें और समाचार-पत्रों का नियमित अध्ययन करें। सोशल मीडिया पर न्यूनतम समय व्यतीत करें। मुख्यमंत्री ने छात्र छात्राओं को सोशल मीडिया के कम उपयोग की सीख दी। उन्होंने कहा कि अखबार पढ़ें, टीवी देखें तो न्यूज देखे और सोशल मीडिया का कम उपयोग करें। इसमें आप बस ज्यादातर कंटेंट और तथ्य विहीन बातों उलझेंगे। किसी भी इंटरव्यू में कोई नहीं पूछेगा कि आपके फॉलोअर्स कितने हैं।

आज अति आत्म विश्वास में व्यक्ति छोटी बातों का ध्यान नहीं रखता, वही उसके विकास का बैरियर बन जाती हैं। उन्होंने कहा कि यह उम्र ही जीवन का लक्ष्य तय करने का उचित समय है।

# शालीमार बाग में सुबह-सुबह गरजा बुलडोजर सड़क चौड़ीकरण के लिए तोड़े गए 150 घर

**कार्रवाई**

**ध्वस्तीकरण से पहले मकान मालिकों को जारी किया गया था नोटिस**





**नई दिल्ली।** दिल्ली के नॉर्थ-वेस्ट जिले के शालीमार बाग इलाके में रविवार सुबह बड़े स्तर पर ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया गया। सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत प्रशासन ने करीब 150 मकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। अभियान को लेकर इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को मौके पर तैनात किया गया है, ताकि किसी भी तरह के बवाल की स्थिति से निपटा जा सके। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई उस सड़क को चौड़ा करने के लिए की जा रही है जो आउटर रिंग रोड को आजादपुर मंडी से जोड़ती है।

प्रशासन का कहना है कि सड़क चौड़ी होने से संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर और आजादपुर मंडी के बीच सीधा और बेहतर संपर्क स्थापित होगा, जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा व जाम की समस्या कम होगी।

स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित मकान मालिकों को पहले ही नोटिस जारी कर दिया था। नोटिस में 30 मई तक मकानों को खाली करने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद रविवार सुबह ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई। कुछ लोगों ने प्रशासन के निदेशों का पालन करते हुए पहले ही अपने घर खाली कर दिए थे और सामान भी निकाल लिया था।

# आईटीओ में स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर में लगी आग, दमकलकर्मियों ने पाया गया काबू

**अग्निकांड**

**आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है**




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आईटीओ इलाके में स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर की इमारत में आग लगने की घटना सामने आई है। विकास मार्ग पर स्थित इमारत की दूसरी मंजिल पर अचानक आग की लपटें उठने लगीं, जिससे हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को तुरंत सूचित किया गया और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। आग की भीषणता को देखते हुए दिल्ली फायर सर्विस की कई गाड़ियां तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना कर दी गईं। अग्निशमनकर्मी आग पर काबू पाने और किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए। आग को काबू कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

**शिक्षा मंत्रालय की ओर से स्पष्टीकरण जारी :** इससे पहले बताया जा रहा था कि आग शिक्षा मंत्रालय के दफ्तर में लगी है। लेकिन बाद में इसे लेकर मंत्रालय की ओर से स्पष्टीकरण जारी किया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा, 'यह यह स्पष्ट किया जाता है कि शिक्षा मंत्रालय कर्तव्य भवन-2, डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली में स्थित है। जबकि आग लगने की घटना स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) के परिसर में हुई, जो आईटीओ, नई दिल्ली में स्थित है।'

मंत्रालय ने कहा, 'आग लगने की घटना के संबंध में किसी भी प्रकार की गलत सूचना के प्रसार को रोकने के लिए यह स्पष्टीकरण जारी किया जा रहा है। इसके अलावा, आग मामूली थी और उस पर जल्द ही काबू पा लिया गया।

# लुधियाना में नट बोल्ट फैक्ट्री में गैस लीक होने से 3 लोगों की मौत

**गैर रिसाव**

**गैस का रिसाव के कारण फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर उसकी चपेट में आ गए**



**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में देर रात एक फैक्ट्री में चल रहे काम के दौरान जहरीली गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे मजदूर उसकी चपेट में आ गए। तकरीबन सात लोग बेहोश हो गए, जिनको फैक्ट्री संचालक ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह तड़के उनमें से तीन लोगों की मौत हो गई है, जिनमें दो लोग पिता-पुत्र हैं। मरने वालों की पहचान गैसपुरा निवासी मान सिंह और उसके बेटे अमित के रूप में हुई है, जबकि एक मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

जानकारी के अनुसार, लुधियाना के गैस पुरा के इलाका गगन नगर में टूल बनाने की एक फैक्ट्री है। रविवार रात को उक्त फैक्ट्री में काम करने के लिए मजदूर पहुंचे। देर रात को फैक्ट्री के अंदर जहरीली गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिसके कारण वहां काम करने वाले मजदूर उसकी चपेट में आ गए।

**जबरन काम पर बुलाने का आरोप :** मृतक माननसिंह की बेटी रेनू ने बताया कि उनके पिता को देर रात को फैक्ट्री में जबरन काम करने के लिए बुलाया गया था। उन्होंने बताया कि जब गैस का रिसाव हुआ, तब फैक्ट्री संचालक खुद ही सभी घायलों को अस्पताल ले गए।

# मेरठ में महज 3600 रुपये के लिए कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का का मर्डर!

**मेरठः** यूपी के मेरठ में डेढ़ महीने से लापता चल रही राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी फास्ट फूड संचालक श्याम धानक को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया है कि महज 3600 रुपये के विवाद में आरोपी ने सुनियोजित तरीके से अनुष्का की हत्या कर शव को नाले में फेंक दिया था। वारदात के बाद उसने सबूत मिटाने की कोशिश की और पुलिस को गुमराह करने के लिए मृतका का मोबाइल फोन दूसरी जगह फेंक दिया। एसपी सिटी विनायक गोपाल भोंसले अनुसार, 15 अप्रैल 2026 की रात अनुष्का पाल अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। लगातार प्रयासों बाद मामले की गंभीरता से जांच शुरू हुई, जिसमें हत्या की परतें खुलती चली गईं।



जांच में पता चला कि आरोपी श्याम धानक का फास्ट फूड कॉर्नर था, जहां अनुष्का अक्सर खाने के लिए आती थी। इसी दौरान उसके ऊपर करीब 3600 रुपये बकाया हो गए थे। रुपये मांगने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था।

पुलिस के मुताबिक इसी विवाद के बाद श्याम ने हत्या की साजिश रची। उसने अनुष्का को अपने पास रोक लिया और देर रात उसका अपहरण कर रोहटा रोड क्षेत्र में ले गया। वहां उसकी हत्या कर शव को नाले में फेंक दिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि हत्या के बाद उसने अनुष्का का मोबाइल अपने पास रखा था।

# बागियों पर सख्त ममता: टीएमसी ने संदीपन और रितब्रत को किया निष्कासित

**कार्रवाई**

**टीएमसी के फैसले को राज्य की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव हारने के बाद टीएमसी में लगातार उथल-पुथल मची हुई है। टीएमसी ने अपने दो विधायकों, रितब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

यह कार्रवाई मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस के तुरंत बाद हुई है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि विधानसभा में कथित हस्ताक्षर जालसाजी मामले की सीआईडी जांच इन्हीं दोनों टीएमसी विधायकों की ओर से विधानसभा अध्यक्ष को दी गई औपचारिक शिकायत के आधार पर शुरू की गई थी। टीएमसी के इस फैसले को राज्य की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। हालांकि पार्टी की ओर से निष्कासन के पीछे आधिकारिक कारणों का विस्तृत विवरण अभी सामने नहीं आया है। बता दें कि संदीपन साहा भी उन साठ विधायकों में शामिल हैं जो ममता बनर्जी के कालीघाट आवास पर होने वाली बैठक में नहीं पहुंचे थे और बैठक को रद्द कर दिया गया था। बता दें कि सोमवार को ममता बनर्जी ने कालीघाट स्थित अपने आवास पर सभी विधायकों की बैठक बुलाई थी, जिसमें ज्यादातर विधायक शामिल नहीं हुए।

02 June -26 page 3 01-06-26 9:40 PM Page 1


दैनिक **करंट क्राइम**

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 02 जून -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने सौंप दिया उद्घाटन वाला नारियल पार्षद और बूथ अध्यक्ष के हाथों में

## मोहन मिकिन्स सोसाइटी के पार्षद और बूथ अध्यक्ष से हुई इस परम्परा की शुरुआत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विकास की भागीदारी में अब भाजपा की तस्वीर बदल रही है। यहां जमीनी कार्यकर्ताओं को अहमियत दी जा रही है। इसकी शुरूआत कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपनी विधानसभा साहिबाबाद से की।

शुरूआत मोहन मिकिन्स सोसाइटी के दो पार्कों के जीर्णोद्वार से हुई है। ये दोनों पार्क वसुंधरा के सेक्टर 54 वार्ड में आते हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने यहां घोषणा की कि पार्क का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद बूथ अध्यक्ष करेंगे।

### मंत्री बोले पार्क समाजिक संवाद और सामुदायिक जीवन के महत्वपूर्ण केन्द्र



करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का प्रातः अभिवादन और संवाद कार्यक्रम चल रहा था। उन्होंने पहले भी ये कार्यक्रम किया था और वो अपनी विधानसभा में सुबह सवेरे जनता से मिलते हैं। जनता को उनके द्वार तक नहीं आना पड़ता है और वो खुद जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पार्क में पहुंचते हैं। सुबह सवेरे योगा करने आये, टहलने आये नागरिकों से मिलते हैं। उनसे संवाद कायम करते हैं। बूथ अध्यक्ष और पार्षद को विकास की उद्घाटन वाली भूमिका में प्राथमिकता देते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों के साथ साथ कार्यकर्ताओं की भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि पार्क केवल हरित क्षेत्र नहीं होते बल्कि सामाजिक संवाद, स्वास्थ्य और सामुदायी जीवन के महत्वपूर्ण केन्द्र होते हैं। ये एक ऐसी सुविधा है जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को सुबह शाम टहलने, बैठक के लिए एक बेहतर स्थान और बच्चों को खेलने के लिए सुरक्षित स्थान मिलता है।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने स्थानीय पार्षद सतेन्द्र चौधरी और बूथ अध्यक्ष मुकेश पाल के साथ शुभारंभ किया। उन्होंने बूथ अध्यक्ष मुकेश पाल को सम्मानित किया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जमीनी कार्यकर्ताओं की भी अहम भूमिका है।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता देवतुल्य होता है और ये तय किया गया है कि पार्क बनने के बाद इसका उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद और बूथ अध्यक्ष संयुक्त रूप से करेंगे। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और जनता से सीधा जुडाव मजबूत होगा। इस शुरूआत में पार्षद सतेन्द्र चौधरी ने भी कहा कि जीर्णोद्वार के तहत पार्कों में नई बेंच, पाथवे, लाइट और हरियाली का काम कराया जायेगा। इस दौरान राजेंद्र सिंह, चौधरी कांति त्यागी, अनुराग मिश्रा समेत कई क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# भू-माफियाओं के चंगुल से बुजुर्ग महिला को मिला अपना आशियाना, डीएम खुद पहुंचे और दिलाया कब्जा

**मिली छत**

**जनता दर्शन में लगाई थी फरियाद, 72 घंटे के भीतर प्रशासन ने दिलाया न्याय**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड़ की त्वरित कार्रवाई से एक बुजुर्ग महिला को उसके मकान का कब्जा वापस मिल गया। जनता दर्शन में अपनी पीड़ा लेकर पहुंची महिला ने जब भू-माफियाओं द्वारा मकान पर कब्जा किए जाने की शिकायत की तो डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद सोमवार को स्वयं मौके पर पहुंचकर महिला को उसके मकान का कब्जा दिलाया। अपने घर की चाबी और कब्जा वापस मिलने पर महिला भावुक हो गई और उसकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। विजयनगर सेक्टर-11 निवासी चंचल ने 29 मई को जनता दर्शन में जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए बताया था कि उन्होंने ताज मोहम्मद से डेढ़ लाख रुपये उधार लिए थे। आरोप है कि उधार के एवज में मकान के मूल दस्तावेज गिरवी रख लिए गए और बाद में ब्याज की रकम को बढ़ा-चढ़ाकर सात लाख रुपये बताकर मकान पर अवैध कब्जा कर लिया गया। महिला का आरोप था कि बाद में उक्त मकान पर मोमीन नामक व्यक्ति को कब्जा दे दिया गया। कई बार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकल पाया था।

### पहले हुई जांच, फिर हुए एक्शन

करंट क्राइम : मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर अरुण दीक्षित और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर जांच कराई। जांच में महिला के आरोप सही पाए गए। प्रशासनिक जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ताज मोहम्मद भूमि कब्जे से जुड़े मामलों में पहले भी जेल जा चुका है। सोमवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे, पूरी प्रक्रिया की निगरानी करते हुए महिला को उसके मकान का कब्जा दिलाया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गरीब, कमजोर और जरूरतमंद लोगों की संपत्ति पर अवैध कब्जा करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा न जाए। भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### सीएम और डीएम को पीड़िता ने दिया धन्यवाद

करंट क्राइम : मकान वापस मिलने के बाद भावुक हुई चंचल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि प्रशासन उनकी सुनवाई करेगा, लेकिन इतनी जल्दी न्याय मिलेगा इसकी कल्पना नहीं थी। उन्होंने कहा कि आज उन्हें अपना घर ही नहीं बल्कि सम्मान भी वापस मिला है। कार्रवाई के दौरान डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय, विजयनगर थाना प्रभारी धर्मपाल व अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहा।

# गनौली कांड में पांच आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम, तीन आरोपी गिरफ्तार

## ओमकार का अब तक नहीं लगा सुराग, परिजनों का सब्र टूटा; गांव में बढ़ रहा आक्रोश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी थानाक्षेत्र के गनौली गांव निवासी ओमकार के अपहरण और संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले में पुलिस ने 48 घंटे बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दो आरोपी अब भी फरार हैं। न तो ओमकार का अब तक कोई सुराग मिल पाया है और न ही मामले में नामजद आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आए हैं। लगातार बढ़ते जनदबाव और परिजनों के आक्रोश के बीच पुलिस ने अब पांच वांछित आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। बताया जा रहा है कि गनौली गांव निवासी ओमकार को कुछ लोगों ने कथित तौर पर जबरन अपने साथ ले जाया था। घटना के बाद से ही उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की कई टीमें गठित की गईं, लेकिन दो दिन से अधिक समय गुजर जाने के बावजूद जांच किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है।



### परिजन बोले सिर्फ आश्वासन दे रही है पुलिस



करंट क्राइम : इस पूरे मामले पर ओमकार के परिजनों का कहना है कि वह लगातार पुलिस अधिकारियों के संपर्क में हैं, लेकिन उन्हें हर बार केवल यही जवाब मिलता है कि तलाश जारी है। परिवार का कहना है कि उनका बेटा लापता है और हर गुजरता घंटा उनकी चिंता बढ़ा रहा है। परिजनों ने मामले में तेजी लाने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

### पांच आरोपियों पर घोषित हुआ इनाम

करंट क्राइम : पुलिस ने मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इनमें गौरव नागर निवासी बादलपुर (गौतमबुद्धनगर), गोपाल, सौरभ उर्फ भोला, गौरव व मोहित निवासी गनौली शामिल हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है।

### गांव में चर्चा और पुलिस पर बढ़ता दबाव

करंट क्राइम : घटना के बाद गनौली गांव में तनाव और नाराजगी का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को जल्द से जल्द ओमकार का पता लगाकर पूरे मामले का खुलासा करना चाहिए। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच कई बिंदुओं पर आगे बढ़ रही है और जल्द ही मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिलने की उम्मीद है।

### हत्या के प्रयास और अपहरण की साजिश में तीन आरोपी गिरफ्तार




करंट क्राइम : लोनी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास और अपहरण के मामले में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला 30 मई को गनौली गांव निवासी सुरेंद्र की शिकायत पर दर्ज किया गया था। आरोप है कि कुछ लोगों ने गोली मारकर अपहरण करने और जबरन वाहन में डालकर ले जाने का प्रयास किया था। विवेचना के दौरान घटना की साजिश में शामिल विदेंद्र, आजाद और अजब सिंह के नाम सामने आए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते घटना की साजिश रचने की बात स्वीकार की। मामले में नामजद पांच अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। सभी फरार आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# चिराग त्यागी हत्याकांड में दो गिरफ्तार

## खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार का इनाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राष्ट्रीय स्तर के पैरा एथलीट चिराग त्यागी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि एशियन गेम्स के चयन को लेकर पैदा हुई रंजिश इस सनसनीखेज हत्या की मुख्य वजह बनी। मामले में एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि 31 मई को कोतवाली नगर क्षेत्र में चिराग त्यागी की गोली मारकर हत्या किए जाने की सूचना मिली थी। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कई पुलिस टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने यश खटीक (22) और गगन त्यागी (23) को रेलवे रोड बजरिया क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मुख्य आरोपी यश खटीक ने बताया कि वह और चिराग त्यागी दोनों दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 400 मीटर पैरा एथलेटिक्स की तैयारी करते थे। चिराग का चयन एशियन गेम्स के लिए हो गया था, जबकि यश चयनित नहीं हो सका। आरोपी का आरोप है कि उसकी मेडिकल रिपोर्ट को लेकर हुई शिकायत के कारण उसका चयन प्रभावित हुआ, जिसके लिए वह चिराग को जिम्मेदार मानता था। इसी रंजिश के चलते उसने हत्या की साजिश रची। मृतक रेस में माहिर था, उसके दोस्त उसे मिनी मिलखा भी बोलते थे।







पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि तीसरे आरोपी अभय उर्फ अभिनव ने वारदात में प्रयुक्त पिस्टल उपलब्ध कराई थी। 30 मई की सुबह आरोपी चिराग को साईं उपवन क्षेत्र में ले गए और सुनसान स्थान पर पीछे से उसके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ हत्या और आपराधिक साजिश की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

हत्याकांड का सफल खुलासा करने पर डीसीपी सिटी ने घंटाघर कोतवाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। प्रेसवार्ता में एसीपी घंटाघर उपासना पांडे, थाना प्रभारी सचिन कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# 'आलोचना से नहीं, कर्मों से बनती है इंसान की पहचान' : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मैंने कभी दावा नहीं किया कि मैंने बिरादरी की बड़ी सेवा की है। मैंने कभी नहीं कहा कि बिरादरी का जो भी आदमी मेरे पास आया, मैंने उसका काम कर दिया। इसलिए कोई भी कहने के लिए स्वतंत्र है कि मैंने बिरादरी के लिए कुछ नहीं किया है। लेकिन अगर कोई मुझे गलत ठहराना चाहता है तो वह 35 साल पहले मुझे मेरी गलती का अहसास कराने का प्रयास करता तो शायद कुछ सार्थकता होती। अब जब मैं रिटायर्ड हूं तब ऐसे प्रयास करना व्यर्थ है। अब जो ऐसे प्रयास कर रहे हैं उनका उद्देश्य चाहे न हो लेकिन उनके कथन से मेरी प्रतिष्ठा को गिराने का कार्य हो रहा है। एक दो तो झूठे मनगढ़ंत बातें भी कर रहे हैं, वे जरूर कभी न कभी मुझसे पीड़ित हुए होंगे। मैंने ऐसा क्यों किया इसे भी जानना आवश्यक है। मैं जातिवादी नहीं हूं। मैं जाति के आधार पर लोगों में अंतर नहीं करता। जो मेरे पास आया वह किसी भी जाति का हो उसका काम करने का प्रयास किया। दुनिया में सब काम नहीं हो सकते, कई बार तो जो अपनी कलम से होने हैं, वे भी नहीं हो पाते। कई बार तो काम, काम वाले के भाग्य से कम प्रयास में भी हो जाते हैं और कई बार खूब प्रयास के बाद भी नहीं हो पाते। मैंने पढ़ा था कि गीता में श्री कृष्ण जी ने कहा है कि कर्म कर फल की चिंता मत कर। तो हम तो प्रयास करते थे, आगे काम वाले का भाग्य होता था। दूसरी बात मैं दो मामलों में कोई सिफारिश नहीं करता था, एक जो अपराधी है और दूसरा जो मेरी नजर में नहीं हो सकता या नहीं होना चाहिए, उनके काम की सिफारिश नहीं करता था। बाकी जो भी आए मैंने उसी के काम के लिए पूरे मन से प्रयास किया। मेरी अपनी समझ है, मुझे मेरे मां बाप ने कुछ संस्कार दिए, कुछ संगठन और समाज से सीखा, कुछ विद्वानों से सुना कुछ कहीं कहीं पढ़ा तो अपना कुछ मानक बनाया, उसके अनुसार काम किया।




### प्रमुख बातें

**1 जाति नहीं, पात्रता के आधार पर किया काम**

बालेश्वर त्यागी का कहना है कि उन्होंने कभी जाति के आधार पर लोगों में भेदभाव नहीं किया। जो भी मदद के लिए आया, उसकी जाति नहीं बल्कि उसके काम की प्रकृति देखी।

**2 अपराधियों और अनुचित कार्यों की कभी पैरवी नहीं की**

उन्होंने स्पष्ट किया कि अपने पूरे राजनीतिक जीवन में न तो अपराधियों की सिफारिश की और न ही ऐसे कार्यों का समर्थन किया जो उनकी नजर में गलत या अनुचित थे।

**3 ईमानदारी और सार्वजनिक जीवन की शुचिता रही सबसे बड़ी पहचान**

संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा, मंत्री रहते सरकारी जेब खर्च न लेना, शिक्षक भर्ती में पारदर्शिता और सामाजिक कार्यों को लेख अपने राजनीतिक जीवन की प्रमुख उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत करता है।

**4 राजनीति को सेवा का माध्यम माना, व्यक्तिगत लाभ का नहीं**

तीन बार विधायक और दो बार मंत्री रहने के बावजूद सादगीपूर्ण जीवन जिया। पद और सत्ता का उपयोग निजी संपत्ति या सुविधाएं बढ़ाने के लिए नहीं किया।

**5 आलोचना से नहीं, कार्यों से होती है व्यक्ति की पहचान**

लेख का मूल संदेश है कि किसी व्यक्ति का मूल्यांकन आरोपों या अफवाहों से नहीं, बल्कि उसके दशकों के सार्वजनिक जीवन, उपलब्धियों और समाज सेवा के कार्यों से होना चाहिए।

हो सकता है कुछ लोगों को गलत लगे। इसमें भी कुछ बुराई नहीं है। लेकिन जब आपसे मैं कुछ मांगने नहीं आया तो आपको मेरे लिए अपमान जनक बातें बोलना बताता है कि आपके पास अच्छा कहने के लिए कुछ नहीं है और न आपके पास अच्छा देखने वाली दृष्टि नहीं है। गांव से आए थे, बड़े बाप के बेटे नहीं थे। धनपति भी नहीं थे। हमारे पिता जी तो कभी गांव की पंचायत के सदस्य भी नहीं रहे। गाजियाबाद शहर जिसमें पाकिस्तान से आए पंजाब के लोगों और वैश्य समाज के लोगों का बहुमत था जहां हमारी बिरादरी बहुत कम थी, अपने परिश्रम और सेवा के बल पर तीन बार जीते। पहली बार पच्चीस हजार से, दूसरी बार पैंतालिस हजार से और तीसरी बार 67 हजार से जीते। इसमें हमारा कोई योगदान नहीं है ये तो हास्यास्पद बात है। मुझे लगता है कि त्यागी समाज के कुछ लोगों में बहुत अहंकार है, उन्हें किसी आम आदमी का आगे बढ़ना अच्छा नहीं लगता है।

अगर ईमानदारी से ढूंढने निकलोगे तो बालेश्वर त्यागी जैसा पूरे देश दो चार ही निकलेंगे। जब 1989 में मैंने पहला चुनाव लड़ा था तब मैंने अखबार वालों को बुलाकर अपनी संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा की थी। जब उत्तर प्रदेश में 23 हजार शिक्षकों की भर्ती की थी तो अखबार में घोषणा की थी कि जो सबसे कम नम्बर वाला व्यक्ति लिया गया है, उसका गुणांक 52.99 है, अगर इससे ऊपर का कोई एक भी छूट गया हो तो बता दे, उसे घर से बुला लेंगे। जब उड़ीसा में तूफान आया तो अपने उपहार बेचकर 190220/- उत्कल विपन्न सहायता समिति को भेजे। जब सरकार के मंत्री जेब खर्च के मद में कई कई लाख रुपये सरकारी खजाने से ले रहे थे तब बालेश्वर त्यागी अकेला मंत्री था जिसने एक पैसा भी नहीं लिया। लखनऊ के अखबार में छपता था कि एक मंत्री ऐसा भी। तीन टर्म विधायक रहा उसी में दो बार मंत्री रहा। तीनों टर्म विधायक निवास बी-19 के डेढ़ कमरे में रहा, कभी बंगले कोठी के लिए प्रयास नहीं किया। जब मंत्री से हटे तो रिक्शा में बैठकर अपने घर आ गए। बात बहुत लंबी हो जाएगी हम कोई चीफ मिनिस्टर थोड़े ही थे, छोटे से राज्य मंत्री थे, कुछ हमने भी योग्यता रही होगी जिन्हें देखकर मुख्यमंत्री जहां भी गड़बड़ होती थी, हमें उसी विभाग में भेज देते थे। रही काम न करने की तो दो काम तो हम मुख्यमंत्री की इच्छा के बाद भी नहीं कर सके। आज वे स्वर्ग में होंगे उनकी महानता उन्होंने जरा भी नाराजगी व्यक्त नहीं की। आज मैं सोचता हूं कि अगर उनकी जगह कोई मुजफ्फर नगर का कोई त्यागी होता तो मेरे टुकड़े टुकड़े करके डाल देता। मैं दो बार गाजियाबाद बार एसोसिएशन का अध्यक्ष भी रहा हूं। मैंने ऐसा काम किया शायद हिंदुस्तान में किसी ने न किया हो मैंने गाजियाबाद के 70 वकीलों को जीडीए से एचआईजी मकान दिलवाए। मैंने चार पुस्तकें लिखी हैं। तीन पुस्तकों का संकलन करके प्रकाशन कराया है। मैगजीन का प्रकाशन किया है। उत्तर प्रदेश पिछड़ा क्यों कारण और निवारण, सार्वजनिक जीवन में शुचिता और बेरोजगारी और रोजगार अधिनियम जैसे विषयों पर सेमिनार कराई हैं। एक सार्वजनिक पुस्तकालय चलवाता हूं जिसमें हर वर्ष 15-20 बच्चे नौकरी पाते हैं। एक जनसहयोग से विद्यालय चलवाता हूं जिसमें चार हजार से अधिक बच्चे पढ़ते हैं और 125 परिवार इस विद्यालय से जुड़े हैं। ये मेरे दोनों सेवा के कार्य हैं, मैं बिना किसी आर्थिक लाभ के इस कार्य से जुड़ा हूं। मैं राजनीति से मुक्त हूं। किसी राजनैतिक गतिविधि में भाग नहीं लेता। कोई राजनैतिक महत्वाकांक्षा नहीं है। फिर भी कुछ लोगों के पेट में मरोड़ हो रही है। सारे त्यागी ही एमएलए बन जाओ मैं कहीं बाधा नहीं हूं। बिरादरी की भरपूर सेवा करो।

कबीर दास ने कहा है -

***चाह गई चिंता मिटी***
***मनवा बेपरवाह,***
***जिसको कछु न चाहिए,***
***वो सब शाहों का शाह।***

02 June -26 page 4 01-06-2026 10:06 PM Page 1



## संपादकीय

# कब मिटेगा दहेज कलंक

सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी ने एक बार फिर दहेज प्रथा की भयावहता को सामने ला दिया है। कड़े कानूनों के बावजूद दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्या के मामले यह संकेत देते हैं कि समस्या केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता और व्यवस्था की भी है। कोई भी समाज तभी सभ्य और समग्र रूप से विकसित कहलाता है, जब उसमें ऊंच-नीच और किसी तरह के मतभेद की कोई दीवार नहीं होती तथा सबको उसके हिस्से का अधिकार मिलता है। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि आजादी के दशकों बाद भी भारतीय समाज में ऐसी कुप्रथाएं अपनी जड़ें जमाए हुए हैं, जहां पुरुषवादी मानसिकता के कारण महिलाओं को कमतर आंका जाता है और उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। दहेज प्रथा भी इनमें से एक है, जिसके खिलाफ सख्त कानून होने के बावजूद उस पर रोक नहीं लग पा रही है। दहेज के लिए महिला का उत्पीड़न करने या उसकी हत्या कर देने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। ऐसे ही एक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि एक तरफ लड़की के परिवार से उपहार के नाम पर मोटी रकम ली जाती है और फिर उन्हें भिखारी भी कहा जाता है, यह स्थिति बेहद शर्मनाक है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा कि समाज में यह संदेश जाना चाहिए कि दहेज के लिए बहू और उसके परिवार को प्रताड़ित करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सवाल यह है कि जब देश में दहेज के खिलाफ कड़े कानूनी प्रावधान लागू हैं, तो आखिर इस कुरीति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? जाहिर है कि यह हमारे शासकीय तंत्र और सामाजिक व्यवस्था में खामियों का ही नतीजा है, जिसका खामियाजा महिलाओं और उनके परिवार को भुगतना पड़ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक, देश में वर्ष 2017 में दहेज हत्या के 7,466 मामले दर्ज हुए थे, जबकि वर्ष 2024 के दौरान ऐसे 5,737 मामले दर्ज किए गए। इसी तरह वर्ष 2023 में दहेज प्रताड़ना से जुड़े 15 हजार से अधिक मामले दर्ज हुए। एनसीआरबी के ही अनुसार, 2024 में दहेज हत्या के 5,737 मामले दर्ज किए गए। यानी वास्तविक स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कई मामलों में महिलाएं मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का सामना करती हैं, लेकिन सामाजिक दबाव, परिवार की बदनामी और जागरूकता के अभाव में वे पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करा पातीं। इसमें दोराय नहीं कि दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए कानूनी और सामाजिक मोर्चे दोनों पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है। जब तक समाज की सोच में बदलाव नहीं आएगा और महिलाओं को व्यापक स्तर पर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक कानून बनाने का मकसद और उसका प्रभावी क्रियान्वयन भी अधूरा ही रहेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने भी साफ कहा है कि आखिर लड़के शादी क्यों करते हैं, अगर बाद में लड़की और उसके परिवार का अपमान ही करना होता है।

# शेयर बाजार लगातार चौथे दिन फिसला
## सेंसेक्स 508 अंक गिरा, निफ्टी 23400 से नीचे पहुंचा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सोमवार को शुरूआती कारोबार में हासिल बढ़त को बरकरार नहीं रख पाए और आखिरकार लगातार चौथे दिन लाल निशान पर बंद हुए। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा। सोमवार को हरे निशान पर कारोबार की शुरूआत होने के बावजूद बेंचमार्क सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 508.40 अंक या 0.67% तक टूटकर 74,267.34 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 165.16 (-0.70%) अंक फिसलकर 23,382.60 पर पहुंच गया। डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे गिरकर 94.97 (अस्थायी) पर बंद हुआ।




सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान एचयूएल और श्रीराम फाइनेंस जैसे शेयरों में लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट दिखी। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन एनएसई पर सूचीबद्ध शेयरों में 2,201 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए, वहीं 1151 शेयरों में बढ़ दर्ज की गई। 99 शेयरों में कोई बदलाव नहीं दिखा।

### बाजार में क्यों जारी है गिरावट का सिलसिला?

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को आई कमजोरी का प्रमुख कारण अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष से जुड़ा रोज नया अपडेट आना है। इन अपडेट्स का असर कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों पर पड़ता है और इससे निवेशकों का रुझान प्रभावित होता है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से जारी लगातार बिकवाली और बॉन्ड यील्ड्स में बढ़ोतरी ने भी बाजार का माहौल खराब किया।

# एचडीएफसी एएमसी के लाखों निवेशकों के डेटा चोरी मामले में हाईकोर्ट का सख्त कदम



### सरकार को भी दिए गए अहम निर्देश

अदालत ने सिर्फ हैकर्स पर रोक लगाकर ही मामला खत्म नहीं किया है, बल्कि केंद्र सरकार को भी इस डेटा ब्रीच को रोकने के लिए कड़े निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने दूरसंचार विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जरिए केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि चुराए गए गोपनीय डेटा से जुड़े सभी अकाउंट्स को हटाने, डिलीट करने, ब्लॉक करने और डिसेबल करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। एचडीएफसी एएमसी ने अपनी याचिका में विशेष रूप से इन सरकारी विभागों से हस्तक्षेप की मांग की थी।


**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख एसेट मैनेजमेंट कंपनियों में से एक, एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी के लाखों निवेशकों के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। कंपनी के आईटी सिस्टम में सेंधमारी कर संवेदनशील डेटा चुराने वाले 'मॉर्फियस' नाम के एक रैनसमवेयर ग्रुप के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट ने सख्त कदम उठाया है।

बॉम्बे हाई कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ के जस्टिस श्रीराम शिरसाट ने 29 मई को इस मामले में सुनवाई करते हुए 'मॉर्फियस' हैकर्स के खिलाफ अस्थायी निषेधाज्ञा जारी की है। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि हैकर्स द्वारा चुराए गए गोपनीय डेटा के वितरण या खुलासे पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को समझते हुए कहा कि अगर इस गोपनीय डेटा का दुरुपयोग, लीक या व्यापार किया जाता है, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं और इससे वादी कंपनी को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है।

# एक महीने में यूपीआई से 23 अरब लेनदेन

**नई दिल्ली।** मई 2026 में यूपीआई ने 29.90 लाख करोड़ के लेनदेन के साथ नया रिकॉर्ड बनाया है। 'क्यूआर कोड स्कैन करो और पेमेंट हो गया'- यह वाक्य अब हर भारतीय की रोजमर्रा की जिंदगी का सबसे अहम हिस्सा बन चुका है। चाय की टपरी से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल्स और हवाई सफर तक, हर जगह 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' यानी यूपीआई का दबदबा साफ नजर आता है। भारत के इस स्वदेशी डिजिटल पेमेंट सिस्टम ने अब एक नया और ऐतिहासिक मुकाम हासिल कर लिया है।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, यूपीआई ने अपने पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए मई 2026 में नया इतिहास रच दिया है। आखिर इस रिकॉर्ड-तोड़ वृद्धि के पीछे क्या कारण हैं और यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए क्या मायने रखता है? नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई)




द्वारा जारी किए गए नए आंकड़ों के मुताबिक, मई महीने में यूपीआई के जरिए होने वाले लेनदेन ने वॉल्यूम (कुल संख्या) और वैल्यू (कुल रकम) दोनों ही पैमानों पर एक नया शिखर छू लिया है। मई के महीने में कुल 23.2 बिलियन (2,320 करोड़) बार यूपीआई से पेमेंट किया गया, जिनकी कुल कीमत 29.90 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

# भारत में मई में बढ़ा कारोबार, तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंचा ग्रोथ रेट

**नई दिल्ली।** मजबूत घरेलू मांग, इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं और नए ऑर्डरों के दम पर भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की गतिविधियां मई में तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग ढटकबढ़कर 55.0 हो गया, जो अप्रैल में 54.7 था। भारत के विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र में मई के दौरान गतिविधियों की रफ्तार तेज हुई और यह तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच



गई। मजबूत घरेलू मांग, इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में तेजी और नए कारोबार के बढ़ने से उत्पादन गतिविधियों को मजबूती मिली। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण बढ़ती महंगाई और लागत दबाव उद्योग के लिए चुनौती बने हुए हैं। सोमवार को जारी एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स के अनुसार, मई में सूचकांक बढ़कर 55.0 पर पहुंच गया, जो अप्रैल में 54.7 था। यह पिछले तीन महीनों में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की सबसे मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। पीएमआई 50 के स्तर से ऊपर होने पर क्षेत्र में विस्तार और 50 से नीचे रहने पर संकुचन का संकेत देता है। यह सूचकांक नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, आपूर्ति समय और खरीद स्टॉक जैसे प्रमुख संकेतकों के आधार पर तैयार किया जाता है।

# मई में 3.2 फीसदी बढ़ा जीएसटी कलेक्शन, 1.94 लाख करोड़ रुपये के पहुंचा पार




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से मई 2026 के जीएसटी संग्रह के आंकड़े जारी किए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक जीएसटी कलेक्शन मई में 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया। बीते साल मई 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये था। देश का सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। मई 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये था। मई 2026 में घरेलू लेनदेन से केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 37,397 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) संग्रह 45,143 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) संग्रह 51,990 करोड़ रुपये रहा।

### घरेलू मांग में दिखा मजबूती का संकेत

रिपोर्ट के अनुसार, कर योग्य वस्तुओं की आपूर्ति में 26.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो घरेलू मांग में मजबूती का संकेत है। वहीं, सेवाओं की कर योग्य आपूर्ति 22.2 प्रतिशत बढ़ी, जो घरेलू खपत की मजबूती को दर्शाती है। मई के दौरान आयात से प्राप्त आईजीएसटी संग्रह 19.1 प्रतिशत बढ़कर 59,654 करोड़ रुपये हो गया। इसे औद्योगिक क्षमता में विस्तार का संकेत माना जा रहा है। इस अवधि में जीएसटी रिफंड 2.6 प्रतिशत बढ़कर 27,281 करोड़ रुपये रहा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक चीन अध्ययन जो की 20 साल का अध्ययन था, जिसमें मांस खाने वालों और पौधों के खाने वालों की मृत्यु दर की तुलना की गई थी। उन्होंने पाया कि जिन देशों ने अधिक पशु-आधारित भोजन खाया है, वे ₹पश्चिमी बीमारियों₹ से अधिक मृत्यु दर की संभावना रखते हैं, जबकि अधिक पौधे भोजन खा रहे देशों में लोग स्वस्थ थे।
- हठ योग और भक्ति योग में योगियों के लिए अभी भी शाकाहार की आवश्यकता होती है।
- कोअला भालू लगभग अनन्य रूप से केवल नीलगिरी के पत्ते और कुछ और नहीं खाते हैं।
- साँप हर साल 10,000 लोगों को मारते हैं।
- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले प्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।
- तितलियों में दो मिश्रित आँखें हैं जिनमें हजारों लेंस होते हैं, फिर भी वे लाल, हरे और पीले रंगों को देख सकती हैं।
- क्या आपको पता है, शुतुरमुर्ग की ठोकर एक मानव को मार सकती है।
- एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकतीं हैं।

## राशिफल

**मेष:** आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त होगा। शत्रुओं का भय रहेगा। घर के किसी सदस्य की चिंता सताएगी। परिवार में सम्मान प्राप्त होगा।

**वृष:** आज आपका आत्मविश्वास बना रहेगा। अपना पराक्रम बढ़ा हुआ महसूस करेंगे। लाभ के समाचार मिलेंगे। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन:** आज के दिन मन चिंतित रहेगा। किसी शुभ कार्य में धन खर्च होने की संभावना है, धैर्य बनाए रखें। नेत्र में कष्ट होने की आशंका है।

**कर्क:** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। कई प्रकार से लाभ प्राप्त होने की संभावना है। कुसंग से बचें, नहीं तो किसी समस्या में पड़ सकते हैं।

**सिंह:** पूर्व में किए गए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी। आय के साधन और मजबूत होंगे। कार्यक्षेत्र में वर्चस्व बढ़ेगा।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। पहले के रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। धन के आगमन से सुख प्राप्त होगा।

**तुला:** संतान को लेकर चिंता बनी रहेगी। ससुराल में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। वाहनादि चलाने में विशेष सावधानी रखें।

**वृश्चिक:** आपके मन में आज विशेष शांति की अनुभूति रहेगी। मन में स्थिरता से मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंध में सफलता प्राप्त होगी।

**धनु:** मन में विरक्ति का भाव उत्पन्न होगा। मन में अरुचि उत्पन्न होगी। दूर की यात्रा करने से बचें, हानि हो सकती है। पेट में रोग हो सकता है।

**मकर:** आत्मविश्वास जागृत रहेगा। पत्नी की बात पर विवाद न करें, बल्कि धैर्य से सोचें। पत्नी की सलाह मानने से लाभ मिलेगा।

**कुंभ:** बिना वजह के भय उत्पन्न होगा। मन भ्रमित रहेगा। माता के स्वास्थ्य को लेकर तनाव बन सकता है।

**मीन:** आज आपका आत्मविश्वास बना रहेगा। आपके निर्णय पर कुछ विरोध बढ़ सकता है। बहन पक्ष से कुछ शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

## चुटकुले

रामू ने रवि से पूछा- ये नया फोन कब खरीदा?
रवि - नया नहीं, मेरी गर्लफ्रेंड का है.
रामू - गर्लफ्रेंड का फोन क्यों ले आया?
रवि- रोज कहती थी मेरा फोन नहीं उठाते, आज मौका मिला तो उठा लाया।

---

भूगोल पढ़ाने वाली एक मैडम बहुत दुबली-पतली थीं।
उनकी पोस्टिंग एक गांव में हो गई।
एक दिन वो क्लास में बच्चों से प्रश्न पूछ रही थीं-बताओ बच्चों, धरती घूमती हुई क्यों नजर आती है?
एक लड़के ने कहा, मैडम जी कुछ खा लिया करो।
बिना खाए स्कूल आओगी तो धरती ऐसे ही घूमती नजर आएगी।

---

पिंकी तेजी से स्कूटी पे जा रही थी, जैसे ही रेड लाइट क्रॉस की...
पुलिसवाला - मैडम गाड़ी साइड लगाओ।
पिंकी- पहली बार है माफ कर दो ना।
पुलिसवाला- आपको रेड लाइट नहीं दिखी थी क्या?
पिंकी- लाइट तो दिखी थी, लेकिन आप कहीं नहीं दिखे, जाने कहां छिपे थे




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

## करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 10 स्वर्ण समेत 19 पदकः दिखा भारतीय युवाओं का दम

## प्रधानमंत्री मोदी ने एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स टीम को दी बधाई

**मुंबई।** भारत ने 22वीं एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 19 पदक अपने नाम किए। भारतीय दल ने 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। मेजबान चीन 25 पदकों और 14 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि जापान 18 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारतीय खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन की देशभर में सराहना हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पर भारतीय दल को बधाई दी।





### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा, '22वीं एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण सहित 19 पदक जीतने के लिए भारतीय दल को बधाई। यह शानदार प्रदर्शन हमारे युवा एथलीटों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दशार्ता है। मुझे उम्मीद है कि उनकी ये उपलब्धियां आने वाले वर्षों में और अधिक युवा भारतीयों को खेलों की ओर प्रेरित करेंगी।' प्रधानमंत्री के इस संदेश को भारतीय एथलेटिक्स के लिए बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

चैंपियनशिप के अंतिम दिन भारत ने तीन स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान का शानदार समापन किया। सबसे यादगार प्रदर्शन महिलाओं की 400 मीटर रिले टीम ने किया। नीरू पाठक, भूमिका संजय नेहते, तहूरा खातून और सेहनूर बावा की चौकड़ी ने 3:38.07 सेकेंड का समय निकालते हुए नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक जीता। यह प्रदर्शन प्रतियोगिता के सबसे बड़े आकर्षणों में शामिल रहा। महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में मुस्कान ने 16:53.08 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं, वेंकटराम रेड्डी मोगली ने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में 1:48.27 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**नीरू पाठक, भूमिका संजय नेहते, तहूरा खातून और सेहनूर बावा की चौकड़ी ने 3:38.07 सेकेंड का समय निकालते हुए नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक जीता।**

### रिकॉर्ड भी बने, पदक भी आए

फील्ड इवेंट्स में निश्चय ने पुरुषों की डिस्कस थ्रो स्पर्धा में 60.10 मीटर का थ्रो कर रजत पदक जीता। यह नया भारतीय अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। इसके साथ ही वह इस वर्ग में 60 मीटर की दूरी पार करने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए।

महिलाओं की 100 मीटर रिले टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। काजल हीराभाई वाजा, भावना जी, आरती और निपम ने 45.05 सेकेंड का समय निकालकर भारत को दूसरा स्थान दिलाया।

### भविष्य के सितारों ने दिखाई ताकत

इस चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों ने न सिर्फ पदक जीते, बल्कि कई राष्ट्रीय और चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी बनाए। इससे यह स्पष्ट हुआ कि भारतीय एथलेटिक्स की नई पीढ़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री मोदी का संदेश भी इसी विश्वास को मजबूत करता है कि भारत के युवा खिलाड़ी आने वाले वर्षों में विश्व स्तर पर देश का नाम और ऊंचा करेंगे।

# नॉर्वे शतरंज के छठे दौर में चारों भारतीय खिलाड़ियों को मिली हार, वापसी करने में सफल रहे कार्लसन

**- कार्लसन फिरोजा (10 अंक) पर जीत से 7.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए।**

**नई दिल्ली।** नॉर्वे शतरंज टूनामेंट में भाग ले रहे चारों भारतीय खिलाड़ियों का छठे दौर में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और उन सभी को हार का सामना करना पड़ा। पिछले दौर में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विश्व चैंपियन डी गुकेश अपना विजय अभियान जारी नहीं रख पाए, जबकि आर प्रज्ञानंद, दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी भी हार गए। भारतीय खिलाड़ियों को जहां निराशा हाथ लगी वहीं मौजूदा चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने क्लासिकल में जीत दर्ज करके खुद को खिताब की दौड़ में शामिल कर दिया है। उन्होंने अलीरेजा फिरोजा को हराया। कार्लसन फिरोजा (10 अंक) पर जीत से 7.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए। महिला वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख (8.5 अंक) चीन की पांच बार की विश्व चैंपियन जू वेनजुन (8 अंक) से क्लासिकल बाजी में हार से दूसरे स्थान पर खिसक गईं। वह हालांकि शीर्ष पर काबिज बिबिसारा असौबायेवा (9.5 अंक) से ज्यादा दूर नहीं हैं। असौबायेवा ने आमार्गेडन टाई-ब्रेक में कोनेरू हम्पी (5.5 अंक) को हराया।





### वेस्ली ने प्रज्ञानंद को हराया

वेस्ली सो ने प्रज्ञानंद पर क्लासिकल गेम में जीत से पूरे तीन अंक हासिल करके अपने कुल अंकों की संख्या 11.5 पर पहुंचा दी है और वह एकल बढ़त पर पहुंच गए। प्रज्ञानंद इस हार के कारण छह खिलाड़ियों की तालिका में छह अंकों के साथ सबसे नीचे खिसक गए। विन्सेंट कीमर ने गुकेश (6.5 अंक) की गलतियों का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत हासिल की, जिससे उनके अंकों की संख्या आठ हो गई है।

# कोलकाता के लेक टाउन से हटाई गई मेसी की 70 फीट ऊंची प्रतिमा, सुरक्षा को लेकर जताई गई थी चिंता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के लेक टाउन इलाके में स्थापित अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की 70 फीट ऊंची प्रतिमा को सोमवार को सुरक्षा कारणों से हटा दिया गया। हाल के दिनों में आए तेज तूफानों के बाद प्रतिमा के अस्थिर होने की शिकायतें सामने आई थीं। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के अनुसार, प्रतिमा को एक हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से सावधानीपूर्वक उसके चबूतरे से हटाकर ट्रक पर लाद दिया गया।



इस प्रक्रिया के दौरान प्रतिमा को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल प्रतिमा को पीडब्ल्यूडी की निगरानी में रखा जाएगा। हालांकि इसे दोबारा कहां स्थापित किया जाएगा, इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

कुछ दिनों पहले स्थानीय लोगों ने लेक टाउन पुलिस स्टेशन को सूचना दी थी कि तेज हवाओं और तूफान के दौरान प्रतिमा हिल रही है। इसके बाद पुलिस और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान निर्माण एजेंसी ने प्रतिमा के फाउंडेशन बोल्ट में तकनीकी खामी की जानकारी दी और चेतावनी दी कि संरचना खतरनाक स्थिति में है तथा इसके गिरने का खतरा बना हुआ है।

### दिसंबर में हुआ था अनावरण

मेसी की इस विशाल प्रतिमा का अनावरण पिछले वर्ष दिसंबर में किया गया था। उस समय लियोनेल मेसी ने कोलकाता यात्रा के दौरान रिमोट कंट्रोल के माध्यम से इस प्रतिमा का उद्घाटन किया था।

सूत्रों के अनुसार, प्रतिमा को भविष्य में कोलकाता के रवींद्र सरोवर या इको पार्क में स्थापित किया जा सकता है। हालांकि अंतिम फैसला राज्य सरकार द्वारा लिया जाएगा।

इस परियोजना की शुरूआत पश्चिम बंगाल सरकार के पूर्व मंत्री सुजीत बोस की पहल पर हुई थी। हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें नगर निकाय भर्ती घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया है।

# लगातार दूसरा खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगे सात्विक-चिराग, सिंधू और लक्ष्य पर भी नजर

**नई दिल्ली।** सिंगापुर ओपन में खिताबी सूखा खत्म करने के बाद भारतीय स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी अब इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 में लगातार दूसरा खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे। टूनार्मेंट मंगलवार से शुरू हो रहा है और भारतीय खिलाड़ियों से एक बार फिर शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।



विश्व नंबर-4 भारतीय जोड़ी सात्विक और चिराग ने रविवार को सिंगापुर ओपन के पुरुष युगल फाइनल में इंडोनेशिया के फजार अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी को हराकर खिताब अपने नाम किया था। यह सिंगापुर ओपन में किसी भारतीय पुरुष युगल जोड़ी का पहला खिताब था। दिलचस्प बात यह है कि सिंगापुर ओपन से पहले सात्विक-चिराग ने अपना पिछला खिताब 2024 में थाईलैंड ओपन में जीता था। इसके बाद वे चार बार फाइनल में पहुंचे, लेकिन हर बार उपविजेता रहे। सिंगापुर में मिली जीत ने उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है।

### पहले दौर में मलयेशियाई जोड़ी से मुकाबला

टूनार्मेंट में चौथी वरीयता प्राप्त सात्विक-चिराग की जोड़ी पहले दौर में मलेशिया के कांग खाई शिंग और आरोन ताई से भिड़ेगी। वहीं भारतीय पुरुष युगल की दूसरी जोड़ी एमआर अर्जुन और हरिहरन अम्साकरुणन का सामना मलेशिया के नूर मोहद अजरीन आयुब और तान वी कियोंग से होगा। यदि दोनों भारतीय जोड़ियां अपना-अपना मुकाबला जीतती हैं तो दूसरे दौर में आमने-सामने हो सकती हैं।

महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से भिड़ेंगी। यदि सिंधू शुरूआती मुकाबला जीतती हैं तो दूसरे दौर में उनकी टक्कर शीर्ष वरीय और मौजूदा ओलंपिक चैंपियन आन से यंग से हो सकती है। सिंगापुर ओपन क्वार्टर फाइनल में भी आन से यंग ने सिंधु को हराया था। सिंधु लगातार नौ मुकाबलों से इस कोरियाई खिलाड़ी को नहीं हरा सकी हैं।

भारतीय महिला एकल खिलाड़ी मालविका बंसोड़ का सामना सातवीं वरीयता प्राप्त थाई खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा।

वहीं युवा खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को पहले ही दौर में जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा जैसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी मिली हैं। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरूआत इंडोनेशिया के अल्वी फरहान के खिलाफ करेंगे। अनुभवी किदांबी श्रीकांत का मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा, जबकि आयुष शेट्टी चीन के वेंग होंग यांग से भिड़ेंगे। वहीं एचएस प्रणय पहले दौर में आयरलैंड के न्हात गुयेन के खिलाफ उतरेंगे।

सिंगापुर ओपन में ऐतिहासिक सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो को पहले दौर में ही तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई की चुनौती का सामना करना होगा। दूसरी भारतीय जोड़ी रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे का मुकाबला चीनी ताइपे की यांग पो-ह्सुआन और हू लिंग फांग से होगा।

### महिला युगल में भारतीय उम्मीदें

महिला युगल में भारत की एकमात्र जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद पहले दौर में इंडोनेशिया की फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और मेलिसा ट्रियास पुस्तितासारी से भिड़ेंगी।

### प्रमुख भारतीय मुकाबले

सात्विक/चिराग- कांग खाई शिंग/आरोन ताई (पुरुष युगल), पीवी सिंधु - बुसानन ओंगबामरुंगफान (महिला एकल), लक्ष्य सेन - अल्वी फरहान (पुरुष एकल), किदांबी श्रीकांत - युशी तनाका (पुरुष एकल), एचएस प्रणय - न्हात गुयेन (पुरुष एकल), ट्रीसा जॉली/गायत्री गोपीचंद - फेब्रियाना/मेलिसा (महिला युगल)

भारत की नजरें एक बार फिर सात्विक-चिराग की जोड़ी पर होंगी, जो सिंगापुर ओपन की सफलता को इंडोनेशिया ओपन में भी दोहराने के इरादे से कोर्ट पर उतरने वाली है।

# आरसीबी के दोहरे खिताब पर बेंगलुरु में उमड़ा सैलाबः लेकिन पुलिस ने नहीं दोहराने दी पुरानी त्रासदी

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लगातार दूसरे आईपीएल खिताब ने पूरे बेंगलुरु को जश्न में डुबो दिया। अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस पर पांच विकेट की जीत के बाद शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में प्रशंसक उतर आए। हाथों में आरसीबी के झंडे और विराट कोहली के पोस्टर लिए फैंस देर रात तक जीत का उत्सव मनाते रहे।

हालांकि, पिछले साल चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी, को देखते हुए इस बार पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। शहर के प्रमुख इलाकों में बैरिकेडिंग की गई और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।



### फैंस ने मनाया जश्न, लेकिन नियमों के साथ

पुलिस की निगरानी के बीच आरसीबी समर्थकों ने सड़कों पर नाच-गाकर अपनी खुशी जाहिर की। फाइनल में विराट कोहली की नाबाद अर्धशतकीय पारी ने फैंस के उत्साह को और बढ़ा दिया। एक प्रशंसक ने कहा, 'हमें खुशी है कि आरसीबी ने लगातार दूसरा खिताब जीता, लेकिन फाइनल थोड़ा एकतरफा रहा। हमें उम्मीद थी कि गुजरात टाइटंस और कड़ी टक्कर देगा।' एक अन्य प्रशंसक ने कहा, 'मैं विराट कोहली का फैन हूं और इसी वजह से आरसीबी का समर्थन करता हूं। खुशी है कि विराट और टीम दोनों ने शानदार प्रदर्शन किया।'

### पुलिस ने पहले से कर रखी थी तैयारी

बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही मजबूत कर दी गई थी। उन्होंने कहा, 'यह हमारी नियमित सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा था। हमने लोगों और प्रशंसकों से अपील की थी कि वे सही भावना के साथ जश्न मनाएं और शांति पसंद लोगों के लिए परेशानी न खड़ी करें।'

उन्होंने आगे कहा, 'बेंगलुरु एक शांतिपूर्ण शहर है और हम नहीं चाहते कि कुछ लोग इस माहौल को खराब करें। इसलिए पुलिस लगातार गश्त कर रही थी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया और कई संवेदनशील सड़कों को अस्थायी रूप से बंद किया गया।'

### पीएसजी के जश्न ने दिखाया दूसरा चेहरा

जहां बेंगलुरु में जश्न नियंत्रित और शांतिपूर्ण रहा, वहीं फ्रांस में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की यूईएफए चैंपियंस लीग जीत के बाद हालात बिगड़ गए। जश्न कई जगह हिंसा में बदल गया और पूरे देश में 780 से अधिक लोगों को हिरासत में लेना पड़ा। फ्रांस के गृह मंत्री लॉरेंट नूनेज के मुताबिक, 57 पुलिसकर्मी घायल हुए। कई जगह आगजनी, तोड़फोड़ और पुलिस पर हमले की घटनाएं सामने आईं। पेरिस और आसपास के इलाकों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात करना पड़ा।

# दिव्यांशी भौमिक ने रचा स्वर्णिम इतिहास, डब्ल्यूटीटी फीडर में दो गोल्ड मैडल जीतने वाली सबसे युवा भारतीय

**नई दिल्ली।** उभरती हुई खिलाड़ी 15 वर्षीय दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीटी फीडर महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई हैं। विश्व रैंकिंग में 211वें स्थान पर काबिज दिव्यांशी ने फाइनल में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 38 येह यी-तियान को रोमांचक मुकाबले में 3-2 (8-11, 11-8, 11-5, 7-11, 11-7) से पराजित किया। भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अद्भुत संयम, जुझारूपन और आत्मविश्वास का परिचय दिया तथा यादगार जीत दर्ज की।



इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने सीनियर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी दमदार मौजूदगी का अहसास कराया। दिव्यांशी की यह उपलब्धि केवल भारतीय टेबल टेनिस के लिए ही ऐतिहासिक नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उन्हें विशिष्ट स्थान दिलाती है। मात्र 15 वर्ष की आयु में वह जापान की स्टार खिलाड़ी मिवा हारिमोटो के बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सर्किट में महिला एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी मानी जा रही हैं। प्रिस्टीना में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान दिव्यांशी ने पूरे सप्ताह अपने खेल से प्रभावित किया।

उन्होंने अपने से अधिक अनुभवी और ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को बेखौफ आक्रामक खेल तथा अटूट आत्मविश्वास के दम पर मात दी। उनकी परिपक्वता उम्र से कहीं अधिक दिखाई दी। दिव्यांशी ने अपने शानदार अभियान में एक और स्वर्णिम उपलब्धि जोड़ते हुए महिला युगल वर्ग का स्वर्ण पदक भी जीता।

उन्होंने साथी भारतीय किशोर खिलाड़ी सिंड्रेला दास के साथ मिलकर जापान की साची आओकी और कोकोना मुरामात्सु की जोड़ी को रोमांचक फाइनल में 3-2 (7-11, 14-12, 12-14, 11-8, 11-7) से हराया। करीब आधे घंटे तक चले इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बावजूद शानदार वापसी की। निर्णायक क्षणों में दबाव के बीच उनका धैर्य और दृढ़ता देखने लायक रही, जिसने भारत की इस उभरती हुई जोड़ी की बढ़ती परिपक्वता और उज्ज्वल भविष्य की झलक पेश की।

# जल्द भारत के लिए खेलेंगे वैभव?: एमएसके प्रसाद ने इस सीरीज के लिए चुने जाने की वकालत की

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के युवा विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। वैभव अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे और उन्हें इस महीने अफगानिस्तान और श्रीलंका के साथ होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत ए टीम में भी चुना गया है। लेकिन अब उन्हें राष्ट्रीय टीम में शामिल करने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। वैभव की टीम राजस्थान रॉयल्स का सफर आईपीएल 2026 में क्वालिफायर-2 में हार के साथ ही खत्म हो गया था। ऑरेंज कैप की दौड़ में वैभव सबसे आगे रहे। वैभव ने इस आईपीएल सीजन 16 मैचों में 237.30 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। वैभव ने इस तरह शुभमन गिल और साई सुदर्शन को पीछे छोड़कर ऑरेंज कैप का पुरस्कार अपने नाम किया।

# कौन हैं कुशल भुर्तेल?: नेपाल के बल्लेबाज ने एक ओवर में जड़े छह छक्के, युवराज-पोलार्ड की फहरिस्त में हुए शामिल



**नई दिल्ली।** नेपाल के स्टार बल्लेबाज कुशल भुर्तेल ने एशियन गेम्स क्वालिफायर में ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिसने उन्हें क्रिकेट इतिहास की खास सूची में शामिल कर दिया। सिंगापुर नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर चीन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भुर्तेल ने एक ही ओवर की छह वैध गेंदों पर लगातार छह छक्के जड़ दिए। उन्होंने चीन के बाएं हाथ के स्पिनर चेन झुओ यूए के ओवर में यह उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले दुनिया के सिर्फ छठे खिलाड़ी बन गए।

**सिर्फ 43 गेंदों में 129 रन की विस्फोटक पारी खेली और नेपाल को 20 ओवर में 313/2 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया।**

### कौन हैं कुशल भुर्तेल?

कुशल भुर्तेल नेपाल क्रिकेट टीम के प्रमुख सलामी बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। 1997 में जन्मे भुर्तेल अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं और पिछले कुछ वर्षों में नेपाल क्रिकेट के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। उन्होंने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खास पहचान बनाई, जब लगातार मैचों में शानदार प्रदर्शन कर नेपाल को कई महत्वपूर्ण जीत दिलाईं। दाएं हाथ के बल्लेबाज भुर्तेल सीमित ओवरों के क्रिकेट में तेज रन बनाने की क्षमता रखते हैं और नेपाल की बल्लेबाजी इकाई की रीढ़ माने जाते हैं।

छह छक्कों के इस धमाके के अलावा भुर्तेल ने पूरे मैच में चीन के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। उन्होंने सिर्फ 43 गेंदों में 129 रन की विस्फोटक पारी खेली और नेपाल को 20 ओवर में 313/2 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नेपाल का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर भी रहा।

### युवराज सिंह वाले क्लब में हुई एंट्री

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने का कारनामा सबसे पहले भारतीय दिग्गज युवराज सिंह ने 2007 टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ किया था। अब भुर्तेल का नाम इस विशिष्ट सूची में शामिल हो गया है, जिसमें कीरोन पोलार्ड, दीपेंद्र सिंह एयरी, डेरियस विसर और मनन बशीर जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि भुर्तेल यह उपलब्धि हासिल करने वाले नेपाल के दूसरे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले उनके साथी खिलाड़ी दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 2024 में कतर के खिलाफ एक ओवर में छह छक्के लगाए थे।

### नेपाल ने दर्ज की 221 रन की बड़ी जीत

भुर्तेल की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत मिले 314 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चीन की टीम पूरी तरह दबाव में दिखी। चीनी बल्लेबाज नेपाली गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सके और पूरी टीम सिर्फ 92 रन पर सिमट गई। इस तरह नेपाल ने 221 रन के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर एशियन गेम्स क्वालिफायर का शानदार आगाज किया। इस जीत के नायक कुशल भुर्तेल रहे, जिनकी रिकॉर्डतोड़ पारी लंबे समय तक क्रिकेट प्रशंसकों को याद रहेगी।

# 'हमारे साथ अन्याय हुआ', आईपीएल में आरसीबी की जीत के बाद क्यों बिफरे भावी मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार?


**कर्नाटक।** कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री बनने जा रहे डीके शिवकुमार ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने पर बधाई दी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि आईपीएल 2026 का खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के बजाए बंगलूरू में होना चाहिए था और यहां के लोगों के साथ अन्याय हुआ है। आरसीबी ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया।



कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे डीके शिवकुमार ने कहा, आईपीएल फाइनल बंगलूरू में होने वाला था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह हमारे साथ अन्याय हुआ है। हम वो सब कुछ करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके चलते ऐसा दोबारा न हो। मैं कर्नाटक की ओर से अपनी टीम को चैंपियन बनने पर बधाई देता हूं।

### आरसीबी ने खिताब का किया बचाव

आरसीबी का प्रदर्शन आईपीएल 2026 के फाइनल मुकाबले में शानदार रहा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराते हुए सफलतापूर्वक अपने खिताब का बचाव किया। रजत पाटीदार की अगुआई में आरसीबी के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुजरात को 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 155 रन ही बनाने दिए। गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार और रसिख सलाम का जादू एक बार फिर चला। भुवनेश्वर ने दो, जबकि रसिख ने तीन विकेट अपने नाम किए। गुजरात टाइटंस की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने सर्वाधिक नाबाद 50 रन बनाए। सुंदर ने 37 गेंदों की अपनी इस पारी में पांच चौके लगाए। हालांकि, साई सुदर्शन (12), शुभमन गिल (10 रन) और जोस बटलर (19 रन) बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके। आरसीबी ने 156 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 18 ओवर में पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। विराट कोहली शानदार लय में दिखाई दिए और उन्होंने अपने आईपीएल करियर का सबसे तेज अर्धशतक लगाया। वह 42 गेंदों में 75 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि वेंकटेश अय्यर ने 16 गेंदों में 32 रनों का योगदान दिया। आरसीबी खिताब का बचाव करने वाली आईपीएल इतिहास की तीसरी टीम बन गई है। कोहली को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।




# न्याय खंड प्रथम में 2 महीने से गलियों में भरा सीवर का पानी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के न्याय खंड प्रथम में हालात बद से बदतर हो चुके हैं। वार्ड 79 की सभी गलियों में पिछले लगभग 2 महीने से सीवर का पानी भरा हुआ है। आलम यह है कि सीवर का गंदा पानी अब घरों में सप्लाई होने वाले पीने के पानी में भी मिलकर आ रहा है। इससे क्षेत्र में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

पूर्व पार्षद मिना भंडारी ने बताया कि जनता की परेशानी तब और बढ़ गई जब पार्षद उत्तराखंड भ्रमण पर चले गए। समस्या से त्रस्त होकर रविवार को करीब 20-25 महिलाएं एकजुट होकर शिकायत लेकर पहुंचीं और दयनीय स्थिति बताते हुए रो पड़ीं।

शिकायत मिलने के बाद तत्काल नगर निगम के जेई को फोन कर मौके पर गाड़ी बुलवाई गई और जलभराव हटाकर लोगों को कुछ राहत पहुंचाई गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बाद भी सीवर की स्थायी सफाई नहीं हो रही। गंदगी और बदबू से जीना मुश्किल हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों के बीमार पड़ने की आशंका बनी हुई है।

नागरिकों ने नगर निगम से मांग की है कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाए और पीने के पानी की लाइन को तुरंत दुरुस्त कराया जाए। साथ ही लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

## वाहनों को धक्का लगाकर पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों का जताया विरोध




**हापुड़ करंट क्राइम।** पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में बहुजन मुक्ति पार्टी के पदाधिकारियों ने वाहनों में धक्का लगाकर जुलूस निकाला। इस संबंध में उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार नितिन कुमार को सौंपा और महंगाई पर लगाम लगाने की मांग उठाई। राष्ट्रीय महासचिव मुकेश कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मेरठ तिराहा स्थित डॉ बीआर आंबेडकर की प्रतिमा पर एकत्रित हुए और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुकेश कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार में पेट्रोल, डीजल, घरेलू और कॉमर्शियल गैस महंगी कर लोगों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। लगातार पेट्रोल, डीजल महंगा होने के कारण सभी वस्तुओं की कीमत बढ़ जाएगी और किराया भी बढ़ जाएगा, इससे देश में महंगाई और भुखमरी बढ़ेगी। देश में बेरोजगारी चरम पर है। महंगाई से सभी लोग पीड़ित हैं लेकिन सरकार की नींद नहीं खुल रही है। उनके कानों तक आवाज पहुंचाने के लिए देशभर में पार्टी ने धक्का आंदोलन चलाया। इस दौरान कार्यकर्ता अपने दोपहिया वाहनों को डॉ. आंबेडकर प्रतिमा से नगर पालिका तक धक्का लगाकर ले गए। इसके बाद नायब तहसीलदार नितिन कुमार को ज्ञापन सौंपकर घरेलू व कामर्शियल गैस, पेट्रोल, डीजल के दाम आधा करने और बिजली की बढ़ी दरों को वापस करने की मांग उठाई।

## हापुड़ में दिल्ली जैसा हादसा: निर्माणाधीन सड़क के गड्ढे में गिरी बाइक, युवक की मौत; सिस्टम की चूक ने ली जान!



**हापुड़ करंट क्राइम।** राजधानी दिल्ली जैसी ही एक घटना में हापुड़ कोतवाली क्षेत्र के अचपलगढ़ी के पास निमार्णाधीन पिलखुवा-फगौता मार्ग पर एक गहरे गड्ढे में बाइक गिरने से 42 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क निर्माण के दौरान बरती जा रही घोर लापरवाही और सुरक्षा इंतजामों की कमी को उजागर किया है।

मृतक विजय, अचपलगढ़ी के निवासी थे, जो पिलखुवा-फगौता मार्ग से गुजर रहे थे। आरोप है कि सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के निकट सड़क निर्माण के कार्य के दौरान खोदे गए इस गहरे गड्ढे के आसपास न तो पर्याप्त सुरक्षा बैरिकेडिंग की गई थी और न ही किसी प्रकार के चेतावनी संकेत लगाए गए थे। इसी लापरवाही का परिणाम यह हुआ कि विजय अपनी बाइक सहित सीधे गड्ढे में जा गिरे।

हादसे में गंभीर रूप से घायल विजय को तत्काल सिद्धिविनायक हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस उन्हें रामा हॉस्पिटल ले गई, जहां भी उनकी मौत की पुष्टि की गई। इस घटना ने मृतक के परिवार में मातम का माहौल पैदा कर दिया है। विजय अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं।

स्थानीय लोगों में निर्माण एजेंसी के प्रति गहरा रोष है। उन्होंने इस मामले में निर्माण एजेंसी की लापरवाही की गहन जांच, जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

यह घटना दिल्ली के जनकपुरी इलाके में हुई एक ऐसी ही घटना की याद दिलाती है, जहां जल बोर्ड द्वारा खोदे गए एक गहरे गड्ढे में गिरकर 25 वर्षीय बैंक कर्मी कमल ध्यानी की जान चली गई थी। उस हादसे का कारण भी पर्याप्त रोशनी और चेतावनी बोर्ड की अनुपस्थिति को बताया गया था।

### हापुड़ पुलिस ने 4 आरोपी पकड़े, 2 बच्चे बरामद

## मानव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ 15 किशोरों की तस्करी कबूली



**हापुड़।** हापुड़ पुलिस ने मानव तस्करी के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर हापुड़ और बनारस से अगवा किए गए दो बच्चों को बरामद किया है। आरोपियों ने पूछताछ में करीब 15 किशोरों की तस्करी की बात कबूल की है। उनके पास से पांच हजार रुपये नकद और तीन मोबाइल फोन भी मिले हैं।

यह मामला 17 मई को सामने आया था, जब शिवगढ़ी निवासी सुंदर सिंह का 14 वर्षीय पुत्र वंश घर से लापता हो गया था। परिवार की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की, जिसमें मानव तस्करी के इस बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ। सोमवार को पुलिस ने रेलवे यार्ड रोड स्थित नीलकंठ मंदिर के पास छापेमारी कर गिरोह के सरगना सहित चार सदस्यों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमरोहा के थाना गजरौला क्षेत्र के गांव खेड़की भूड़ के योगेश उर्फ लोकेश, संभल जिले के हजरतनगर गढ़ी के अमित गुप्ता, लखनऊ के मोहल्ला चौका निकर नहरिया पुल चारबाग के दीपक और मुरादाबाद के थाना मझौला क्षेत्र के मुकेश शर्मा के रूप में हुई है।

### अलग अलग इलाकों में बेच देते थे बच्चे

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से शिवगढ़ी के वंश के साथ-साथ बनारस जिले के लोहटा थाना क्षेत्र के गांव सबाईपुर निवासी मुन्ना के 17 वर्षीय पुत्र पंकज को भी सुरक्षित बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अमित गुप्ता और दीपक बच्चों को बहला-फुसलाकर अगवा करते थे।
योगेश और मुकेश शर्मा इन बच्चों को अपने पास रखते थे और फिर अमरोहा व मुरादाबाद के विभिन्न गांवों के किसानों को 10 से 12 हजार रुपये में बेच देते थे। किसान इन बच्चों से खेतों और घरों में काम करवाते थे। सीओ सिटी वरुण मिश्रा ने बताया कि इस गिरोह का नेटवर्क कई जिलों तक फैला हुआ है। पुलिस अब इस पूरे सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

## संतोष मेडिकल कॉलेज में 'ResusCon 2026' संपन्न, डॉक्टरों को मिली इमरजेंसी केयर की ट्रेनिंग







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वर्ल्ड इमरजेंसी मेडिसिन डे के अवसर पर संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के डिपार्टमेंट ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन द्वारा दो दिवसीय मेडिकल कॉन्फ्रेंस 'ResusCon 2026' का सफल आयोजन किया गया।

कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर डॉ. वी. एन. महालक्ष्मी ने किया। यह कार्यक्रम प्रो-चांसलर डॉ. मनोज गोयल और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मनीष सभरवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय आयोजन में एम्स दिल्ली, आरएमएल और लोक नायक अस्पताल जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सीनियर डॉक्टरों ने भाग लिया। कॉन्फ्रेंस में डॉक्टरों, मेडिकल छात्रों और हेल्थकेयर वर्कर्स को सीपीआर (सीपीआर), ट्रॉमा केयर और क्रिटिकल केयर जैसे गंभीर विषयों पर व्यावहारिक ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में शामिल डेलीगेट्स को 6 यूपीएमसी क्रेडिट पॉइंट्स भी प्रदान किए गए।

आयोजक डॉ. कुशल नरूला और डॉ. प्रसाद आचारी ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों को आपातकालीन चिकित्सा की आधुनिक तकनीकों से अपडेट रखने के लिए अब हर साल 'ResusCon' ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। प्रतिभागियों ने इस सत्र को बेहद ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया।

## गायन, वादन एवं नृत्य का अद्भुत समागम शास्त्रीय संगीत समारोह में कलाकारों ने बांधा समां





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वी.एन. भातखंडे संगीत महाविद्यालय, गाजियाबाद के तत्वावधान में इन्मेंटेक कॉलेज के सभागार में भव्य शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कवि पद्मश्री डॉ. अशोक चक्रधर, वरिष्ठ पत्रकार प्रो. बलदेव भाई शर्मा, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ (छत्तीसगढ़) की कुलपति प्रो. लवली शर्मा, रजिस्ट्रार विजय कुमार सिंह, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. तरुणा सिंह, इन्मेंटेक कॉलेज के चेयरमैन के.एस. गुप्ता, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल तथा डॉ. लतिका गुप्ता सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा राग हंसध्वनि में प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात चैती शर्मा ने देवी रागमाला के अंतर्गत एक साथ 24 रागों का प्रभावशाली गायन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोविंद पोद्दार ने तीनताल में तबला वादन की शानदार प्रस्तुति देकर खूब सराहना बटोरी। आर्यव आनंद एवं सुनयना शर्मा ने कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी, जबकि छात्राओं ने राग भैरवी पर आधारित चतुरंग करत मोसे लरकैया कन्हैया माई का सुमधुर गायन किया।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत सतरंगी रंगों सा उज्ज्वल ऐसा देश हमारा प्रस्तुत कर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। यूनाइटेड किंगडम के बर्मिंघम सिटी से पधारे उस्ताद जौहर अली ने वायलिन वादन की उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए कहा कि संगीत मनुष्य को बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देता है। वहीं डॉ. तपन रॉय और सुमेधा बरारा ने कथक नृत्य के माध्यम से भगवान कृष्ण के विराट स्वरूप का प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत किया।

समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 100 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से वंदे मातरम् के गायन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में डॉ. प्रीति त्रिगुणायत एवं अमर ने हारमोनियम, आयुष, कविश एवं मुकुल ने तबला, रामचंद्र पाल ने ऑक्टोपैड, सतीश कुमार ने कीबोर्ड तथा सरबजीत सिंह, नवनीत गुप्ता एवं आयुष्मान ने गिटार पर संगत की। समारोह में डॉ. बागेश्री चक्रधर, रुचि बलूनी, राजा बलूनी, डॉ. संघमित्रा चक्रवर्ती, दीप्ति पंडित, आभा बंसल, ज्ञानेन्द्र शर्मा, हरिओम शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सपा ने महंगाई-बेरोजगारी पर हापुड़ में किया प्रदर्शन पुलिस से हुई नोंकझोंक, एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में समाजवादी पार्टी ने सोमवार को बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पेपर लीक के विरोध में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने सपा जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर समेत तीन पदाधिकारियों को हिरासत में ले लिया, हालांकि बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। कार्यकताओं ने पार्टी कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च निकाला और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अउद्द को सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान, कार्यकताओं ने डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ भैंसा-बुग्गी के साथ एक अनोखा मार्च निकाला। उन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए और अपनी मांगों को उजागर किया। पुलिस द्वारा जुलूस को रोकने का प्रयास करने पर कार्यकताओं और पुलिस के बीच कुछ देर के लिए नोकझोंक हुई। बाद में, प्रशासन और पार्टी नेताओं के बीच बातचीत के बाद, कार्यकताओं को जिला मुख्यालय तक पहुंचने की अनुमति दी गई।


जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों से आम जनता, किसान, व्यापारी और युवा सभी परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों ने खेती और परिवहन की लागत बढ़ा दी है, जिससे महंगाई लगातार बढ़ रही है। गुर्जर ने सरकार पर जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता संजय सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और धांधली का माहौल है। उन्होंने हाल की घटनाओं को सरकारी दावों की पोल खोलने वाला बताया। छात्रसभा जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव ने प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में महंगाई पर नियंत्रण, भ्रष्टाचार पर अंकुश, युवाओं को रोजगार, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई। इस प्रदर्शन में तेजपाल प्रमुख, सुधीर चौहान, श्याम सुंदर, सीमा तनेजा, दीपिका चुग, राजेश यादव, संजय गहलौत, पुरुषोत्तम वर्मा, पीयूष वाल्मीकि समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## पुलिस कमिश्नरेट में एसीपी का टोटा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी स्तर के अधिकारियों का कोटा पूरा नहीं हो पा रहा है। जिसका असर अब दिख भी रहा है। बताया जा रहा है कि वर्तमान में कई जोन में एसीपी स्तर के अधिकारियों का टोटा चल रहा है। जिसका असर पुलिस की वर्किंग और अन्य तैयारियों पर भी देखने को मिल रहा है। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी वाले जोन की तो हालत ठीक है लेकिन नदिया पार और देहात के लिए मामला टाइट चल रहा है। वैसे आलम यह है कि ट्रैफिक वाले एसीपी साहब लोगों को अब सुरक्षा, कानून व्यवस्था वाली ड्युटियों पर लगाया जा रहा है। इन सबके बीच जानकारी है कि एसीपी स्तर वाली लिस्ट आने में अभी थोड़ा सा वेट हो रहा है। तो देहात में एक-एक एसीपी कई- कई सर्किल देख रहे हैं। तो जिस तरीके से बीते तीन दिनों के अंदर तीनों जोन में हत्या के बेहद सनसनीखेज और हाई प्रोफाइल मामले हुए हैं, उसके बाद कानून व्यवस्था की स्थिति को सुधारने और अभियान चलाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में नंबर दो की पोजीशन वाले दोनों अधिकारियों को फील्ड पर उतरना ही पड़ गया है। एक ने नदिया पार का हिस्सा संभाला, तो दूसरे ने देहात से कमान संभालने का काम किया है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि सिटी के एक एसीपी साहब का एक्सीडेंट होने के बाद मामला बेहद टाइट हो गया है। बताया जा रहा है कि उनको चिकित्सकीय उपचार के लिए लंबा रेस्ट करना पड़ सकता है। तो वहीं सिटी वाले दो सर्किल को लेकर अधिकारी पहले ही बहुत ज्यादा सुकून में नहीं रहते थे, ऐसा सुनने में आया था। कुल मिलाकर बताया जा रहा है कि देहात वाले सर्किल में तो स्थिति ज्यादा खराब चल रही है। कुल मिलाकर सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वर्तमान में एसीपी स्तर के अधिकारियों की डिमांड हाई चल रही है। जल्द ही लिस्ट आए और यहां नई तैयारी के साथ नई पोस्टिंग वाला सिलसिला शुरू हो सकता है। तो अपने पुराने सर्किल से कुछ एसीपी स्तर के अधिकारियों को दूसरी जगह भेजा जा सकता है, ऐसी जानकारी मिल रही है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में देखना होगा कि जोन के फर्स्ट वीक में क्या बदलाव आते हैं और कौन फेस राइट प्लेस पाता है।



## शिप्रा सनसिटी फेज-1 चुनाव संपन्न, अंशुमन सिंह 861.67 वोटों के साथ शीर्ष पर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी फेज-1 में संपन्न हुए एओए चुनाव के नतीजे घोषित कर दिए गए। सुबह 7 से शाम 5 बजे तक शांतिपूर्ण मतदान के बाद मतगणना हुई। अंशुमन सिंह 861.67 वोट पाकर सबसे आगे रहे। निर्वाचित सदस्य व प्राप्त मत: अंशुमन सिंह 861.67, विंदा चावरे 846.89, आलोक कुमार 838.06, रंजन ठाकुर 833.52, राजीव श्रीवास्तव 771.36, नीरज कुमार झा 761.41, मीनाक्षी सिंह 757.14, पूनम कपूर 753.80, केशव पाल सिंह 744.08, सुधांशु शेखर 738.86 नवनिर्वाचित टीम ने इसे विकास, पारदर्शिता और बेहतर प्रबंधन के प्रति निवासियों के विश्वास की जीत बताया। टीम ने अपने मार्गदर्शक स्व. आर.एन. राय और स्व. परमिंदर सिंह को याद कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। कहा कि उनका आशीर्वाद हमेशा प्रेरणा बना रहेगा। चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए वार्ड 100 के पार्षद संजय सिंह का आभार जताया गया। चुनाव समिति के के.एन. कंडवाल, अमितेष चंद्र मिश्रा, नीतू सिन्हा, संध्या ओझा, पुलिन कुमार, डा. राजीव कुमार और चन्द्र मोहन सिंह के निष्पक्ष योगदान की सराहना की गई।

## आवारा कुत्तों ने महिला को काटा: अब तक 6 लोगों पर अटैक कर चुके, बच्चे घरों से बाहर निकलने से डर रहे



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के म्यू-2 सेक्टर स्थित शिव शक्ति अपार्टमेंट में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। कुत्तों के हमलों से सोसाइटी के लोग दहशत में हैं। निवासियों का दावा है कि अब तक 6 से अधिक लोगों को कुत्ते काट चुके हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल है। निवासियों के मुताबिक, कुछ समय पहले एक संदिग्ध रूप से पागल कुत्ते ने इलाके के कई अन्य कुत्तों पर हमला किया था। इसके बाद कई कुत्ते आक्रामक हो गए और लोगों पर हमला करने लगे। लगातार हो रहे हमलों से सोसाइटी के लोग परेशान हैं।

### महिला पर हमला, अस्पताल में भर्ती

सोमवार सुबह एक महिला पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। हमले में महिला का हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के अनुसार, चोट इतनी गहरी थी कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा और हाथ का ऑपरेशन भी करना पड़ा। बच्चे घरों में कैद, लोग लाठी लेकर निकल रहे कुत्तों के डर से बच्चों ने बाहर खेलना बंद कर दिया है और कई दिनों से घरों में ही रह रहे हैं। वहीं, सोसाइटी के लोग बाहर निकलते समय अपने साथ लाठी-डंडे लेकर चल रहे हैं ताकि किसी हमले की स्थिति में बचाव कर सकें।

डिलीवरी बॉय, सफाई कर्मचारी और अन्य कामकाजी लोग भी डर के माहौल में काम कर रहे हैं।

सफाई कर्मचारियों का कहना है कि कुछ दिन पहले उनके सुपरवाइजर पर भी कुत्तों ने हमला कर दिया था। कार्रवाई न होने से नाराज हैं लोग निवासियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग और प्राधिकरण के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने आक्रामक और आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।

सोसाइटी के लोगों का कहना है कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहेगी।

फिलहाल शिव शक्ति अपार्टमेंट के निवासी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। डॉ नीरज गर्ग और डॉ मंजू गर्ग ने अपनी सफल सुखद और खुशहाल वैवाहिक यात्रा के एक और पड़ाव को पूरा किया। मैरिज ऐनीवर्सरी की खुशी को दोनों ने परिवार के साथ सेलीब्रेट किया। डॉ नीरज गर्ग ने अपनी मैरिज ऐनीवर्सरी की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। समर्थकों, शुभचिंतकों और परिजनों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए दोनों के खुशहाल जीवन की कामना की। डॉ नीरज गर्ग की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# युद्धविराम उल्लंघन का आरोप, इस्राइल ने बेरूत को बनाया निशाना

## हिजबुल्लाह को कुचलने निकला इस्राइल, बेरूत पर बढ़ाया हमला

- लेबनान में बढ़ा युद्ध का दायरा
- बेरूत पर बरसे इस्राइली बम
- युद्धविराम के बीच फिर भड़की जंग
- नेतन्याहू ने दिए हमले के आदेश
- हिजबुल्लाह के ठिकानों पर प्रहार
- लेबनान में सैन्य अभियान विस्तारित




**यरूशलेम।** इस्राइल ने हिजबुल्लाह की ओर से लगातार रॉकेट और ड्रोन हमलों के बाद बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमले का आदेश दिया। अमेरिका की मंजूरी के बाद सैन्य अभियान का विस्तार किया गया।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री काट्ज ने सोमवार को एक संयुक्त बयान जारी किया। इसमें कहा गया है कि उन्होंने सेना को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमला करने का आदेश दिया है। बयान के अनुसार, यह आदेश लेबनान में हिजबुल्लाह की ओर से बार-बार युद्धविराम उल्लंघन के बाद दिया गया था, जिसमें उत्तरी इस्राइली शहरों को निशाना बनाकर रॉकेट और ड्रोन हमले शामिल थे।

इस्राइल के चैनल ने बताया कि यह कदम तब उठाया गया जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने लेबनान में सैन्य गतिविधि का विस्तार करने के लिए इस्राइल के अनुरोधों को मंजूरी दे दी, जिससे देश के दक्षिण पर शुरुआती ध्यान केंद्रित करने के बजाय राजधानी शहर में हवाई हमले भी शामिल हो गए। इस बीच, लेबनान की संसद के अध्यक्ष नबीह बेरी ने रविवार को कहा कि हिजबुल्लाह एक व्यापक और तत्काल युद्धविराम के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस्राइल को अपने सैन्य अभियान रोकने के लिए मजबूर करने के प्रयासों का आह्वान किया। यह जानकारी लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी।

### 'युद्धविराम पर प्रतिरोध के रुख में नहीं'

बेरी ने कहा कि संघर्ष 'युद्धविराम पर प्रतिरोध के रुख में नहीं है', बल्कि लेबनान में इस्राइली सैन्य अभियानों के जारी रहने में है, जिसके कारण हजारों लेबनानी नागरिक विस्थापित हो गए हैं। वहीं, विभिन्न क्षेत्रों में गांवों और घरों को ध्वस्त किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि संघर्ष को कम करने के किसी भी प्रयास के लिए वास्तविक गारंटी की आवश्यकता है, जो इस्राइल को अपने हमलों को पूरी तरह से रोकने के लिए बाध्य करे।

वहीं, आईडीएफ ने रविवार को कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में ब्यूफोर्ट रिज और वादी अल-सलूकी क्षेत्रों में प्रवेश करने के बाद ब्यूफोर्ट कैसल पर कब्जा कर लिया है। आईडीएफ के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य ब्यूफोर्ट रिज और वादी अल-सलूकी क्षेत्र पर परिचालन नियंत्रण स्थापित करना और साथ ही इस क्षेत्र में हिजबुल्लाह की क्षमताओं को कमजोर करना है।

### घुसपैठ बढ़ाने का निर्देश दिया

आईडीएफ के अनुसार, हिजबुल्लाह ने ब्यूफोर्ट रिज से सैन्य और युद्धक गतिविधियों का निर्देशन किया। उस क्षेत्र से कई हमले किए। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह भी कहा कि उन्होंने आईडीएफ को लेबनान में अपनी घुसपैठ बढ़ाने का निर्देश दिया है। सोमवार को इससे पहले, दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह द्वारा दागे गए एक विस्फोटक ड्रोन हमले में एक इस्राइली कमांडो यूनिट का एक सैनिक मारा गया। योहमोर गांव में तीन अन्य इस्राइली सैनिक घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है।

इस्राइली रक्षा बलों ने कहा कि सोमवार की सुबह भर हिजबुल्लाह ने उत्तरी इस्राइली की ओर रॉकेट और ड्रोन दागे, जिनमें से कुछ को सफलतापूर्वक रोक दिया गया और अन्य खुले इलाकों में गिरे, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

इस्राइली सेना ने यह भी कहा कि उसने उस लॉन्चर को नष्ट कर दिया है, जिससे हिजबुल्लाह ने रविवार रात पूर्वोत्तर इस्राइली के शहर तिबेरियास की ओर रॉकेट दागे थे।

# म्यांमार हादसे में 55 लोगों की मौत, 100 से ज्यादा मकान तबाह, राहत और बचाव कार्य जारी



**यंगून।** भारत के पड़ोसी देश म्यांमार में एक भीषण धमाके में 55 लोगों की मौत हो गई। यह धमाका उस समय हुआ, जब खनन के लिए विस्फोटकों का जखीरा स्टोर करके रखा गया था। इसी विस्फोटकों के जखीरे में लापरवाही से धमाका हो गया।

म्यांमार के शान प्रांत में हुए एक भीषण विस्फोट में कम से कम 55 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हादसा रविवार दोपहर चीन सीमा के निकट नामखाम टाउनशिप के काउंग तात गांव में हुआ। विद्रोही संगठन ताआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि विस्फोट खनन कार्यों के लिए कथित रूप से जमा किए गए विस्फोटक पदार्थों में लापरवाही से हुए धमाके के कारण हुआ।

### मृतकों में 25 महिलाएं

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, विस्फोट ने पूरे गांव में भारी तबाही मचाई है। मृतकों में 25 महिलाएं और 30 पुरुष शामिल हैं। हादसे के बाद राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। बचाव दल मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं, जबकि क्षतिग्रस्त इमारतों और तबाह मकानों से शव निकाले जा रहे हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, विस्फोट में 100 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए। गांव का एक हिस्सा पूरी तरह तबाह हो गया है और अनेक परिवार बेघर हो गए हैं।

### टीएनएलए ने जांच के दिए निर्देश

टीएनएलए के राजनीतिक संगठन पलाउंग स्टेट लिबरेशन फ्रंट ने टेलीग्राम पर जारी बयान में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घटना की जांच करने की जानकारी दी। संगठन ने कहा कि विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है और घटना के जिम्मेदार लोगों या संस्था के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

टीएनएलए ने प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया है। वहीं, स्थानीय प्रशासन और राहत एजेंसियां नुकसान का आकलन करने में जुटी हैं, जबकि बचावकर्मी हादसे में जीवित लोगों की तलाश में अभियान चला रहे हैं।

# शादी के बाद हेलिकॉप्टर में भरी उड़ान

## भारतीय मूल के युवक समेत पायलट की मौत; पत्नी बची



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया में हुए हेलिकॉप्टर हादसे की जांच का नेतृत्व नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड कर रहा है। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 30 दिनों के भीतर आने की उम्मीद है। इस हादसे में भारतीय मूल के डेव फिजी और एक पायलट की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर हादसा डेव की शादी के कुछ घंटों बाद ही हुआ था। अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में हुए एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में भारतीय मूल के एक युवक और पायलट की मौत हो गई। यह हादसा युवक की शादी के कुछ घंटों बाद ही हुआ। हेलिकॉप्टर दुर्घटना में नवविवाहिता पत्नी घायल हो गई। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी सामने आई है। डेल्टा एयर लाइंस में पायलट और अटलांटा निवासी 25 वर्षीय डेव फिजी बीते शुक्रवार को डॉसन काउंटी के डॉसनविल के पास एक पांच सीटों वाले रॉबिन्सन हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से मारे गए। उनकी पत्नी जेस्नी घायल हो गईं और उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

पिता ने बताया कि नवविवाहित जोड़े को हेलिकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल से निकलकर पीचट्री-डीकाल्ब एयरपोर्ट जाना था। हालांकि, समारोह के अंत तक मौसम खराब हो गया था। जॉर्ज फिजी के अनुसार, रात करीब 9:30 बजे समारोह समाप्त हुआ। इसके बाद कोहरे और बारिश की वजह से दृश्यता काफी कम हो गई थी। अनुभवी कमर्शियल पायलट डेव ऐसे मौसम में उड़ान को लेकर सहज नहीं थे। उनके पिता ने बताया, उसने कहा था कि मैं ऐसी दृश्यता में उड़ान नहीं भरूंगा। इसके बावजूद हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी। बताया गया कि पायलट ने अधिक ऊंचाई पर उड़ान भरने का फैसला किया था।

### केरल से एनार्कुलम से जाकर अमेरिका में बसा था परिवार

परिवार के अनुसार, डेव और जेस्नी ने उसी दिन डॉसनविल के पास स्थित द रिवेरे नाम के कार्यक्रम स्थल पर शादी की थी। समारोह में सैकड़ों मेहमान शामिल हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, डेव के माता-पिता जॉर्ज और फेबा फिजी कई वर्ष पहले केरल के एनार्कुलम जिले से अमेरिका आकर बस गए थे। जेस्नी का परिवार भी केरल के अलप्पुझा जिले से जुड़ा हुआ है।

बेटे की मौत के बाद पिता जॉर्ज फिजी ने कहा,वह हमारे लिए बेहद अनमोल बच्चा था, वह भगवान का दिया हुआ उपहार था। उन्होंने कहा, हम कह सकते हैं कि यह एक आदर्श शादी थी। हम इससे अधिक कुछ नहीं मांग सकते थे। हालांकि, इसके बाद परिस्थितियां अचानक बदल गईं।

### पत्नी को मलबे से निकालने में लग गए पांच घंटे

जॉर्ज फिजी ने बताया कि जेस्नी मलबे और गिरे हुए पेड़ों के नीचे करीब पांच घंटे तक फंसी रहीं, जिसके बाद बचाव दल उन्हें निकाल सका। उन्होंने कहा, उसने बताया कि जब उसे होश आया तो वह मलबे के नीचे थी।₹ उन्होंने आगे कहा, उसने देखा कि डेव उसकी छाती पर पड़े हुए थे। वह खुद नर्स है। जब उसने उन्हें छुआ और आवाज लगाई तो पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।

जेस्नी को कई जगह चोटें लगी हैं। हालांकि, डेव की मौत से वह गहरे सदमे में हैं। डॉसन काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, शुक्रवार देर रात एक संभावित हेलिकॉप्टर दुर्घटना की सूचना मिली थी। बाद में संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने पुष्टि की कि रात करीब 10 :30 बजे डॉसनविल के पास एक रॉबिन्सन आर66 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें तीन लोग सवार थे।

# दक्षिण कोरिया में रक्षा कंपनी में विस्फोट

## आग लगने से पांच की मौत



**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया में सोमवार को एक रक्षा कंपनी में विस्फोट और आग लगने की घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट दक्षिण कोरिया के डेजान शहर में हनवा एयरोस्पेस के राकेट प्रोपेलेंट के उत्पादन लाइन में हुई।


विस्फोट के कारण सहित अन्य विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं थे। आपातकालीन अधिकारी यून सियोंग-सू ने बताया कि यह क्षेत्र सरकार द्वारा नामित एक सुरक्षा केंद्र है। स्थानीय चिकित्सा अधिकारी किम जू-येओन ने बताया कि घायल दो लोगों में से एक की हालत गंभीर है। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

### हनवा एयरोस्पेस की प्रमुख सुविधाओं में से एक

योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, यह स्थल हनवा एयरोस्पेस की प्रमुख सुविधाओं में से एक है, जहां कंपनी बड़े आकार के प्रोपेलेंट और सतह से सतह पर मार करने वाली हथियार प्रणालियों का विकास करती है।

रायटर के अनुसार, हनवा के एक अधिकारी ने बताया कि राकेट प्रोपेलेंट बनाने वाले औजारों से विस्फोटक सामग्री को साफ करने के लिए पानी का इस्तेमाल करते समय विस्फोट हुआ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोन जे-इल ने कहा, हम पीड़ितों और उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

# मलेशिया में अब बच्चे नहीं चला सकेंगे फेसबुक और इंस्टाग्राम, नियम का पालन न करने वालों पर लगेगा जुमार्ना



**नई दिल्ली।** मलेशिया ने सोमवार को 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के इंटरनेट मीडिया अकाउंट बनाने पर रोक लगाने वाले नियम को लागू कर दिया है। नियम के तहत इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म को आयु सत्यापन प्रणाली लागू करनी होगी और 16 वर्ष से कम आयु के यूजर्स को अकाउंट बनाने से रोकना होगा। ये नियम फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब सहित अन्य पर लागू होंगे।

### नियम का पालन न करने वालों भरना होगा जुमार्ना!

नियमों का पालन न करने वाली कंपनियों पर 100 लाख रिंगिट (25 लाख अमेरिकी डालर) तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। सरकार ने कहा कि इन उपायों का उद्देश्य बच्चों को हानिकारक सामग्री और साइबरबुलिंग से बचाना है।

### कई देशों में लागू है ऐसा नियम

ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील और इंडोनेशिया सहित अन्य देशों ने भी बच्चों के इंटरनेट मीडिया उपयोग पर आयु-आधारित प्रतिबंध या आवश्यकताएं लागू की हैं या इसे लागू करने की घोषणा की हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन, डेनमार्क, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया सहित अन्य देश भी इसी तरह के उपायों का अध्ययन कर रहे हैं।

# यूक्रेन युद्ध के बीच रूस को झटका

## फ्रांसीसी कमांडो ने पकड़ा प्रतिबंधित तेल टैंकर

**ब्रिटेन।** फ्रांसीसी नौसेना ने ब्रिटेन के सहयोग से रूस से आ रहे प्रतिबंधित तेल टैंकर टगोर को अटलांटिक महासागर में रोककर उसकी जांच की। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और समुद्री कानूनों का उल्लंघन करने वाले जहाजों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के तेल निर्यात पर शिकंजा कसने की कोशिशों में फ्रांस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। फ्रांसीसी नौसेना ने ब्रिटेन के सहयोग से रूस से आ रहे प्रतिबंधित तेल टैंकर 'टगोर' को अटलांटिक महासागर में रोक लिया। यह कदम उन देशों की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है जो यूक्रेन का समर्थन कर रहे हैं और रूस की युद्ध मशीन को मिलने वाली आर्थिक मदद को कमजोर करना चाहते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को नौसेना के जवानों ने जहाज पर चढ़कर जांच की। मैक्रों ने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें हेलीकॉप्टर से एक कमांडो को जहाज पर उतरते हुए देखा जा सकता है।

### पश्चिम देशों का रूस पर गंभीर आरोप

पश्चिमी देशों का आरोप है कि रूस प्रतिबंधों से बचने के लिए सैकड़ों जहाजों के एक तथाकथित 'शैडो फ्लीट' का इस्तेमाल कर रहा है। ये जहाज अक्सर अपनी पहचान छिपाकर या नियमों को दरकिनार कर तेल का परिवहन करते हैं। फ्रांस समेत कई यूरोपीय देशों ने ऐसे जहाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संकल्प लिया है।

**मैक्रों का सख्त संदेश :** मैक्रों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को दरकिनार करना, समुद्री कानूनों का उल्लंघन करना और यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को वित्तीय मदद देना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे जहाज न केवल नियमों की अनदेखी करते हैं, बल्कि पर्यावरण और समुद्री सुरक्षा के लिए भी खतरा बनते हैं।

# भारतीय स्वास्थ्य कर्मी को ब्रिटेन में काम नहीं देने पर मिला 28 हजार पाउंड का हर्जाना



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में वैध तरीके से काम करने के लिए आए एक भारतीय स्वास्थ्य और देखभाल कर्मी को उसकी प्रायोजक कंपनी के काम देने में नाकाम रहने पर ब्रिटिश न्यायाधिकरण ने उसे बड़ा हजार्ना और छुट्टी के भुगतान की धनराशि देने का फैसला सुनाया है।

इसमें 28,000 पाउंड से अधिक की खोई हुई उसकी मजदूरी शामिल है। कोर्ट का कहना है कि वह बतौर कुशल कामगार यहांतैयार, सक्षम और इच्छुक₹ होकर आया था, लेकिन उसके स्पांसर कंपनी ने उसे पहले से तय रोजगार नहीं दिया।

33 वर्षीय शाबिन शाजी स्वास्थ्य और देखभाल कार्यकर्ता वीजा से ब्रिटेन में आए थे और स्वास्थ्य क्षेत्र में नौकरी के लिए स्वान केयर साल्यूशंस लिमिटेड से आवश्यक प्रायोजन प्रमाणपत्र प्राप्त किया था। उन्होंने हाल ही में बर्मिंघम में एक रोजगार न्यायाधिकरण को बताया कि प्रायोजक ने कभी उन्हें काम नहीं दिया या भुगतान नहीं किया, जो कि मजदूरी से अवैध कटौती के बराबर था।

रोजगार न्यायाधीश एडमंड्स ने निष्कर्ष निकाला कि दावेदार (शाजी) 15 अप्रैल, 2023 से 21 अप्रैल, 2024 तक रोजगार में था। यह 40 घंटे के कार्य सप्ताह के आधार पर 22,880 पाउंड वार्षिक की कुल वेतन पर आधारित था।

पिछले महीने की सुनवाई में कंपनी को अवैतनिक मजदूरी, छुट्टी का भुगतान और उपचार लागत के अलावा कानूनी कार्रवाई के खर्चों को कवर करने का निर्देश भी दिया गया। प्रायोजक ने न्यायाधिकरण को सूचित किया कि शाजी की नौकरी प्रारंभ नहीं हुई क्योंकि औपचारिकताएं अधूरी थीं।

शाजी, जो केरल से वेस्ट मिडलैंड्स के स्टैफर्ड में प्रवासित हुए थे, वीजा प्रतिबंधों के कारण ब्रिटेन में कहीं और रोजगार की तलाश नहीं कर सकते थे। उन्होंने अंततः वैकल्पिक पूर्णकालिक रोजगार प्राप्त कर लिया, लेकिन तब तक उन्हें काफी वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

# ईरान ने फिर से खोले अंडरग्राउंड साइट्स, खोद-खोदकर निकाल रहा मिसाइलें, सैटेलाइट तस्वीरों ने खोला राज



**नई दिल्ली।** ईरान ने जमीन में दब अपने हथियारों को बाहर निकाल लिया है और इसके बाद वह इजरायल के साथ-साथ मिडिल-ईस्ट के अन्य देशों पर कहीं ज्यादा दूरी की मिसाइलें दागने के लिए तैयार है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, एक्सपट्‌र्स का कहना है कि हफ्तों तक अमेरिका और इजरायल की तरफ से की गई स्ट्राइक्स ने सड़कों को तबाह करके और सुरंगों के प्रवेश-द्वारों को मलबे से पाटकर ईरान की अपनी भूमिगत मिसाइल साइट्स तक पहुंच को सीमित कर दिया लेकिन सैटेलाइट्स इमेज से पता चलता है कि ईरान ने इसका जवाब देने के लिए बुलडोजर और डंप ट्रक जैसे साधारण उपकरणों का इस्तेमाल किया।

**ईरान की मिसाइल क्षमताओं को तबाह करना आसान नहीं :** एक्सपट्‌र्स का कहना है कि इससे संकेत मिलता है कि ईरान की मिसाइल क्षमताओं को सिर्फ सुरंगों के प्रवेश द्वारों को निशाना बनाकर तबाह नहीं किया जा सकता। हालांकि ईरान और अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक अस्थायी समझौते पर पहुंच गए हैं, लेकिन इसके विवरणों को अंतिम रूप देने में अभी भी महीनों का काम बाकी है।

ईरान की मिसाइल क्षमताओं का विश्लेषण करने वाले जेम्स मार्टिन सेंटर फॉर नॉनप्रोलिफरेशन स्टडीज के रिसर्च एसोसिएट सैम लेयर ने कहा, अगर फिर से लड़ाई शुरू होती है, तो ईरान इस स्थिति में है कि वह मिसाइलें दागना जारी रख सके जब तक उसके पास लॉन्चर और क्रू मौजूद हैं भले ही मिसाइलों का उत्पादन रुक गया हो।

**ईरान खोद खोदकर निकाल रहा मिसाइलें :** लड़ाई के दौरान ईरान ने बहुत बड़े जोखिम के बीच सुरंगों के मुहानों की खुदाई का काम किया। वहीं अमेरिका और इजरायल अक्सर खुदाई के लिए इस्तेमाल होने वाले उपकरणों पर हमले करते रहे। इस काम की बदौलत तेहरान पूरे युद्ध के दौरान मिसाइलें दागना जारी रख पाया, हालांकि उनकी गति काफी धीमी हो गई थी। सात हफ्ते से भी ज्यादा समय पहले हुए संघर्ष-विराम के बाद से इन ठिकानों की खुदाई के ईरान के प्रयासों में काफी तेजी आई है।

# बालेन शाह के बयान पर क्यों छिड़ा विवाद? नेपाल में ही लोग कर रहे विरोध



**नेपाल।** नेपाल और भारत के बीच का सदियों पुराना रोटी-बेटी का रिश्ता एक बार फिर सीमा विवाद की तपिश में झुलस रहा है। संसद के चालू सत्र में नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने एक ऐसा बयान दे दिया है, जिसने दोनों देशों के कूटनीतिक गलियारों से लेकर काठमांडू की सड़कों तक एक नया सियासी भूचाल ला दिया है। संसद में अपनी पहली उपस्थिति के दौरान शाह ने स्वीकार किया कि कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा को लेकर दोनों देशों में पुराना विवाद है। लेकिन उन्होंने चौंकाने वाला दावा करते हुए कहा कि केवल भारत ने ही नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया है।

### नेपाल में पीएम बालेन शाह की तीखी आलोचना

इतना ही नहीं, चूंकि यह विवाद ब्रिटिश काल से जुड़ा है और चीन की सीमा के करीब है, इसलिए नेपाल ने इस मामले में भारत के अलावा चीन और ब्रिटेन के साथ भी राजनयिक चर्चा की है और चार-देशीय बातचीत का रुख अपनाया है। प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद नेपाल में इंटरनेट मीडिया पर उनकी तीखी आलोचना हो रही है।

### पूर्व राजनयिकों ने शाह के दावे को किया खारिज

देश के वरिष्ठ विशेषज्ञों और पूर्व राजनयिकों ने उनके इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया है। पूर्व राजदूत दीप कुमार उपाध्याय ने कहा, ₹नेपाल द्वारा भारत की भूमि पर अतिक्रमण का कोई रिकॉर्ड नहीं है।

# माउंट रशमोर में जगह पाने की चाह, अमेरिकी राष्ट्रपति ने शेयर की एआई से बनी तस्वीर





**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने माउंट रशमोर पर अपने चेहरे वाली एक एआई तस्वीर साझा की है। तस्वीर में उन्हें वॉशिंगटन, जेफरसन, रूजवेल्ट और लिंकन के साथ दिखाया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर माउंट रशमोर में अपनी जगह बनाने की बहस को हवा दे दी है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर एक एआई से तैयार की गई तस्वीर साझा की है, जिसमें उनका चेहरा अमेरिका के चार ऐतिहासिक राष्ट्रपतियों के साथ माउंट रशमोर स्मारक पर दिखाई दे रहा है। इस तस्वीर में ट्रंप को जॉर्ज वॉशिंगटन, थॉमस जेफरसन, थियोडोर रूजवेल्ट और अब्राहम लिंकन के साथ दिखाया गया है। खास बात यह रही कि ट्रंप ने इस तस्वीर के साथ कोई टिप्पणी या संदेश साझा नहीं किया।

माउंट रशमोर नेशनल मेमोरियल दक्षिण डकोटा के कीस्टोन स्थित ब्लैक हिल्स क्षेत्र में ग्रेनाइट चट्टानों पर उकेरा गया एक विशाल स्मारक है। यहां अमेरिका के चार पूर्व राष्ट्रपतियों के 60 फुट ऊंचे चेहरे तराशे गए हैं। यह स्मारक अमेरिका के जन्म, क्षेत्रीय विस्तार, आर्थिक प्रगति और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थिरता का प्रतीक माना जाता है।माउंट रशमोर में ट्रंप के चेहरे को शामिल करने का विचार पहली बार 2018 में चर्चा में आया था। उस समय ट्रंप ने दक्षिण डकोटा की तत्कालीन गवर्नर क्रिस्टी नोएम से कथित तौर पर कहा था कि माउंट रशमोर पर अपना चेहरा देखना उनका सपना है।

इसके बाद से ट्रंप लगातार इस विचार का समर्थन करते रहे हैं और उनका तर्क रहा है कि उनके प्रशासन की उपलब्धियां उन्हें इस ऐतिहासिक स्मारक में शामिल किए जाने योग्य बनाती हैं। वर्ष 2020 में ट्रंप ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान भी इस प्रस्ताव का उल्लेख किया था। इसके अलावा, अमेरिकी कांग्रेस में उनके समर्थकों ने इस दिशा में औपचारिक प्रयास भी किए हैं।

### स्मारक के मूर्तिकार ने कैसे किया था राष्ट्रपतियों का चयन?

स्मारक के मूल मूर्तिकार गुटजोन बोर्ग्लम ने इन चार राष्ट्रपतियों का चयन अमेरिका के पहले 150 वर्षों के इतिहास को दशार्ने के उद्देश्य से किया था। जॉर्ज वॉशिंगटन को अमेरिकी गणराज्य की स्थापना और स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक माना गया, जबकि थॉमस जेफरसन देश के क्षेत्रीय विस्तार का प्रतिनिधित्व करते हैं। थियोडोर रूजवेल्ट को राष्ट्रीय विकास और वैश्विक मंच पर अमेरिका के उभार के प्रतीक के रूप में शामिल किया गया था। वहीं, अब्राहम लिंकन को अमेरिकी गृहयुद्ध के दौरान देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया।

# श्रीलंका में धार्मिक उत्सव के दौरान बड़ा हादसा

## बेकाबू ट्रक ने भीड़ को कुचला, 6 की मौत, कई घायल

**कोलंबो।** श्रीलंका में हुए एक बड़े हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। हादसा उस वक्त हुआ, जब एक धार्मिक उत्सव के दौरान बेकाबू ट्रक ने भीड़ को कुचल दिया। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में एक बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल कोलंबो के बाहरी इलाके में बौद्ध धर्म के प्रमुख वेसाक उत्सव के दौरान एक बेकाबू ट्रक ने लोगों की भीड़ को कुचल दिया, जिसमें छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और 13 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, ट्रक का ड्राइवर नशे की हालत में वाहन चला रहा था और नशे की हालत में ही उसने उत्सव मना रहे लोगों की भीड़ को कुचल दिया।

यह हादसा रविवार रात कोलंबो को मीगोडा इलाके में हुआ, जहां वेसाक समारोह के तहत लगाए गए एक मुफ्त फूड स्टॉल के बाहर बड़ी संख्या में लोग कतार में खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप ट्रक भीड़ में घुस गया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में 35 से 38 वर्ष आयु के तीन पुरुष और 15 से 56 वर्ष आयु की तीन महिलाएं शामिल हैं। हादसे में एक बच्चे समेत 13 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पुलिस ने कई किलोमीटर तक पीछा करके आरोपी को गिरफ्तार किया

दुर्घटना के बाद 42 वर्षीय चालक मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने कई किलोमीटर दूर तक उसका पीछा करके उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह शराब के नशे में वाहन चला रहा था। वेसाक बौद्ध धर्म का सबसे महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है, जो भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर श्रीलंका भर में श्रद्धालु मुफ्त भोजन और पेय पदार्थों के स्टॉल लगाते हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं।




# महापौर ने किया राजनगर के पार्कों का निरीक्षण अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जनता की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए महापौर सुनीता दयाल ने राजनगर स्थित सेंट्रल पार्क के पीछे नगर निगम की नर्सरी तथा आर-15/9 के पीछे स्थित पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्कों की बदहाल स्थिति सामने आने पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। महापौर को निरीक्षण के दौरान पार्क में झुग्गियां, अवैध रूप से खड़े वाहन, टूटे हुए बेंच, ठेले-पटरी और गंदगी मिली।

पार्क की ट्यूबवेल से सीधे टोटी लगाकर पानी का उपयोग किया जा रहा था, जबकि ट्यूबवेल की बिजली से ई-रिक्शा चार्ज होने की बात भी सामने आई। इसके अलावा तीन माह पूर्व लगाए गए पंप को अब तक बिजली कनेक्शन न मिलने पर भी उन्होंने आश्चर्य जताया। स्थानीय ठेला संचालकों से बातचीत के दौरान यह आरोप भी सामने आया कि क्षेत्र का सुपरवाइजर कथित रूप से पैसे लेकर ई-रिक्शा चार्जिंग और अन्य गतिविधियों की अनुमति देता है। महापौर ने इस मामले को गंभीर बताते हुए इसकी जांच कराने की बात कही।

उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख और पॉश इलाके राजनगर के पार्कों की ऐसी स्थिति स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्षेत्रीय अधिकारियों, माली और संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी क्या है और पार्कों की नियमित निगरानी क्यों नहीं हो रही।

महापौर ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही स्थिति से अवगत कराते हुए दोनों पार्कों को व्यवस्थित करने, अतिक्रमण हटाने और पार्कों की मूल उपयोगिता बहाल करने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ और सुंदर पार्कों का लाभ मिल सके।

# होटल के कमरे में चल रहा था जुआ, 20 गिरफ्तार नकदी, वाहन और मोबाइल बरामद

## खुफिया सूचना पर छापा, होटल से जुआ-सट्टा खेलते 20 लोग गिरफ्तार

**कमरा किराये पर लेकर खेल रहे थे हार-जीत की बाजी, पुलिस ने दबोचे 20 आरोपी**




**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने एक नामी होटल में छापेमारी कर जुआ और सट्टा खेल रहे 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 1.62 लाख रुपये से अधिक की नकदी, ताश के पत्ते, वाहन और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार छापेमारी के दौरान कुछ लोग मौके से फरार होने में सफल रहे, जिनकी तलाश की जा रही है। वहीं होटल प्रबंधन की भूमिका की भी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि सोमवार को थाना सेक्टर-49 पुलिस ने स्थानीय खुफिया सूचना के आधार पर सेक्टर-51 स्थित सनराइज होटल में कार्रवाई की। पुलिस टीम ने होटल में छापेमारी कर जुआ खेल रहे पुष्कर पोरवाल पुत्र मनोज पोरवाल, अजमेरी खान पुत्र उसमान खान, अमित पुत्र रामसेवक, सचिन गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता, मनोज कुमार पुत्र मांगेराम, मौ. शमीम पुत्र मौ. खुर्शीद, चन्दन पुत्र विजय, कपिल शर्मा पुत्र संजू शर्मा, राहुल पुत्र जितेन्द्र, मौ. जफरूल पुत्र मौ. इंद्रीश, पवन पुत्र मुकेश, मुकेश पुत्र प्रेमलाल, शुभम पुत्र अशोक कुमार, राकेश कुमार पुत्र नौरंगी लाल, विक्रम सिंह पुत्र नत्थी सिंह, गजेन्द्र पुत्र विनय कुमार, पवन मुंडा पुत्र महावीर मुंडा, नदीम पुत्र अजमुद्दीन, नितिन पुत्र दिनेश कुमार तथा सूरज पुत्र भीमसिंह को सनराइज होटल, सेक्टर-51 से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 1,62,250 रुपये नकद, 160 ताश के पत्ते, सात दोपहिया वाहन, एक चारपहिया वाहन तथा 22 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। बरामद सामान को कब्जे में लेकर संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

एडीसीपी का कहना है कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे अपने-अपने वाहनों से होटल पहुंचे थे और आपसी सहमति से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे होटल में कमरा किराये पर लेकर जुआ खेलने का काम करते थे। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है। होटल प्रबंधन की भूमिका की भी जांच की जा रही है। वहीं छापेमारी के दौरान फरार हुए अन्य लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास, 11 हजार रुपये जुर्माना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत हत्या के एक पुराने मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई है। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल, विवेचक और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने यह फैसला सुनाया। थाना सिहानी गेट में वर्ष 2016 में दर्ज मुकदमे में आरोपी उमेश शर्मा और



अंकुर शर्मा, निवासी ग्राम मुबारकपुर, थाना बड़ौत देहात, जनपद बागपत, पर हत्या और साक्ष्य मिटाने का आरोप था। आरोपियों ने वादी के भाई के सिर पर लोहे की रॉड और बीयर की बोतल से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। इस संबंध में 31 जुलाई 2016 को मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय सिहानी गेट मनीष कुमार मिश्रा द्वारा की गई। वहीं कन्विक्शन सेल के समन्वय और वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अखिलेश कुमार की प्रभावी पैरवी के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट), गाजियाबाद ने सोमवार को दोनों दोषियों को धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास और 10-10 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 201 के तहत तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। गाजियाबाद पुलिस ने इसे ऑपरेशन कन्विक्शन की एक महत्वपूर्ण सफलता बताया है।

## अत्यधिक शराब पीने से हुई थी कैंटीन संचालक की मौत




**दनकौर।** देवटा गांव निवासी कैंटीन संचालक की मौत के मामले में परिजनों ने इत्तफाकिया सूचना दर्ज कराई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अत्यधिक शराब का सेवन करने से कैंटीन संचालक की मौत हुई थी। दनकौर कोतवाल मनोज कुमार ने परिजनों और ग्रामीणों के हवाले बताया कि प्रमोद भाटी अत्यधिक शराब का सेवन करता था। लगातार शराब का सेवन करने के कारण ही उसने काम धंधा छोड़ दिया था। घर वाले उसकी हरकतों से परेशान थे। शनिवार की रात भी उसने बहुत अधिक मात्रा में शराब का सेवन किया। इसके कारण वह बेहोश हो गया और सड़क किनारे अचेत होकर गिर पड़ा।
जिस घर के सामने वह मृत पाया गया, उस घर के मालिक ने परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने भी परिजनों को सूचना दी। मृतक से परिजन इतने परेशान थे कि घंटे बाद भी वह घटनास्थल पर नहीं पहुंचे। आखिर पुलिस ने सबका पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कर्म का स्पष्ट खुलासा नहीं हुआ है। चिकित्सकों की सलाह पर पुलिस ने विसरा सुरक्षित रख लिया है, जिसे प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जा रहा है। इस मामले में मृतक के पिता की ओर से दनकौर कोतवाली में घटना की इत्तफाकिया सूचना दर्ज कराई गई है।

# गन्ना नियंत्रण आदेश 2026 का मसौदा वापस किसानों और खांडसारी उद्योग को बड़ी राहत

## रालोद प्रवक्ता ने सफलता का श्रेय राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह को दिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्र सरकार ने गन्ना किसानों, गुड़ और खांडसारी उद्योग की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए 'गन्ना नियंत्रण आदेश 2026' के मसौदे (ड्राफ्ट) को वापस लेने का फैसला किया है।

सरकार के इस कदम का किसान संगठनों और राजनीतिक दलों ने स्वागत किया है। इस फैसले से गन्ना बेल्ट के लाखों किसानों और पारंपरिक चीनी उद्योग से जुड़े लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार ने इस मसौदे पर किसानों, गुड़ तथा खांडसारी उद्योग से जुड़े विभिन्न अंशधारकों से सुझाव और आपत्तियां मांगी थीं। इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करने के बाद सरकार ने माना कि इस आदेश से जमीनी स्तर पर किसानों और छोटे उद्योगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है, जिसके बाद इसे पुनर्विचार के लिए वापस लेने का निर्णय लिया गया।

राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय वीर सिंह एडवोकेट ने इस फैसले को किसानों की भावनाओं का सम्मान बताया है। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा, यह निर्णय गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखने में मददगार साबित होगा। पूर्व में जहां किसी सरकारी आदेश को वापस कराने के लिए किसानों को लंबे और बड़े आंदोलन करने पड़ते थे, वहीं इस बार प्रभावी पैरवी के कारण यह मामला बातचीत से सुलझ गया। रालोद प्रवक्ता ने इस सफलता का श्रेय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री चौधरी जयंत सिंह को दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में शामिल रहते हुए चौधरी जयंत सिंह ने किसानों और खांडसारी उद्योग का पक्ष बेहद मजबूती और गंभीरता से सरकार के समक्ष रखा। उनके निरंतर प्रयासों और किसानों के प्रति प्रतिबद्धता के कारण ही केंद्र सरकार ने जनहित में इस मसौदे को वापस लेने का स्वागत योग्य कदम उठाया है। उन्होंने दोहराया कि रालोद सरकार में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए किसानों और ग्रामीणों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह फैसला आने वाले दिनों में देश के प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों, विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के ग्रामीण अर्थतंत्र को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा।

# केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया ओपन जिम का लोकार्पण बोले- स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र की नींव




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित अजनारा इंटीग्रिटी फेज-1 में विधायक निधि से निर्मित ओपन जिम का लोकार्पण केबिनेट मंत्री स्थानीय विधायक सुनील शर्मा ने किया। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की नींव होते हैं। पीएम मोदी के "फिट इंडिया" विजन और सीएम योगी के स्वस्थ यूपी के संकल्प को जमीन पर उतारने के लिए विधानसभा क्षेत्र के पार्कों में लगातार ओपन जिम लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यस्त दिनचर्या में लोगों के पास जिम जाने का समय नहीं होता, इसलिए घर के पास ही यह सुविधा दी जा रही है। इससे युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी नियमित व्यायाम कर सकेंगे।

उन्होंने ने कहा कि साहिबाबाद में विकास सिर्फ सड़क-नाली तक सीमित नहीं है। नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर को बेहतर बनाना प्राथमिकता है। बीते वर्षों में कई पार्कों में ओपन जिम लग चुके हैं और यह अभियान जारी रहेगा। हर बड़े पार्क में आधुनिक ओपन जिम उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। उन्होंने जनता से इन सुविधाओं का



अधिकतम उपयोग करने और युवाओं को खेल-व्यायाम के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। स्थानीय निवासियों ने केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का आभार जताया और कहा कि यह सुविधा लोगों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने में मदद करेगी। कार्यक्रम में नंदग्राम मंडल अध्यक्ष हेमंत त्यागी, पूर्व पार्षद संजीव त्यागी, अजनारा इंटीग्रिटी अध्यक्ष गौरव चौधरी, आशीष दुबे, संजीव गोस्वामी, विपिन शर्मा, शुभम गर्ग, अमित वर्मा, नितिन त्यागी, अभिनव त्यागी, अनुज चौधरी, हरिओम बंसल, महेश शर्मा, शरद त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

# लोनी बॉर्डर पुलिस ने दो नशा तस्कर किए गिरफ्तार

## एसीपी सिद्धार्थ गौतम बोले युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट के लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए नशे का कारोबार करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 860 ग्राम अवैध गांजा, 30 पुड़िया स्मैक (कुल 22 ग्राम) तथा तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है।



बरामदगी के आधार पर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि कमिश्नरेट स्तर पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लोनी बॉर्डर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे दिल्ली से मादक पदार्थ खरीदकर लाते थे और क्षेत्र में छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरशद और आसिफ के रूप में हुई है। दोनों लोनी क्षेत्र में रहकर नशे का अवैध कारोबार कर रहे थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि दिल्ली निवासी फरीद नामक व्यक्ति उन्हें गांजा और स्मैक की सप्लाई करता था। पुलिस अब फरीद की तलाश में दबिश दे रही है।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि नशा तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खाद्य सुरक्षा को लेकर नगर मजिस्ट्रेट की बैठक मिलावटखोरों पर चलेगा विशेष अभियान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर मजिस्ट्रेट सतीश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की अहम बैठक हुई। बैठक में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने, सुरक्षा मानकों के पालन और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य संरक्षण पर विस्तृत चर्चा की गई। नगर मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि मिलावट करने वाले व्यक्तियों और संस्थानों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा।

बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य सुरेश कुमार मिश्र, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय, प्रीतम लाल, सतीश अग्रवाल, अमित गोयल, संदीप बंसल, संजय बिंदल, गौरव गुप्ता, अजय शर्मा, पंकज गर्ग, मोहित गर्ग, प्रवीण मित्तल, सुशील अरोड़ा सहित कई व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# आरकेजीआईटी में 'एजाइल लीडरशिप' पर मैंनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आरकेजीआईटी कॉलेज के एमबीए विभाग द्वारा 'परिवर्तन और अनिश्चितता के दौर में एजाइल लीडरशिप' विषय पर एक दिवसीय मैंनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बदलते व्यावसायिक माहौल में प्रभावी नेतृत्व और अनुकूलन क्षमता का विकास करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, सलाहकार डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, कार्यकारी निदेशक डॉ. डी.के. चौहान, निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा और एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ. विभूति त्यागी द्वारा किया गया। निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आज के दौर में इस विषय की प्रासंगिकता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. पुनीत मोहन (अध्यक्ष, सेवा संस्थान) ने एजाइल लीडरशिप की बारीकियों को समझाते हुए कहा कि आज के अनिश्चित वातावरण में






एक सफल लीडर वही है जो बदलावों को तुरंत स्वीकार करे, त्वरित निर्णय ले और विपरीत परिस्थितियों में भी टीम को प्रेरित रखे। विभिन्न क्षेत्रों से आए 25 से अधिक प्रतिभागियों ने इस सत्र में भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। डॉ. विभूति त्यागी के संरक्षण और डॉ. शिखा मित्तल सहित समस्त संकाय सदस्यों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम की सफलता पर कॉलेज प्रबंधन ने पूरी टीम को बधाई दी।

# लापता युवक पांच महीने बाद मंदिर में मिला

**नोएडा (करंट क्राइम)।** सेक्टर-63 थाना पुलिस ने क्षेत्र से पांच माह पूर्व लापता हुए युवक को परिजनों की मदद से ढूंढ लिया। मानसिक स्थिति ठीक न होने के चलते युवक दूर चला गया था। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस युवक को खोज रही थी। पुलिस ने बताया कि 29 दिसंबर 2025 को चोटपुर कॉलोनी में रहने वाले हितेश गंगवार ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि वह मूलरूप से जिला बरेली के पिपलिया गांव के रहने वाले हैं। वह चोटपुर कॉलोनी में चचेरे भाई राजपाल के साथ रह रहे हैं। 23 दिसंबर की शाम पांच बजे से राजपाल के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही थी।

वह बिना बताए कहीं चला गया था। कई दिन तक खोजने के बाद भी वह नहीं मिला तो परिजनों को अनहोनी की चिंता सताने लगी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए युवक को खोजने का प्रयास किया। पुलिस ने थाना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गायब हुए युवक द्वारा मोबाइल का इस्तेमाल न किए जाने से पुलिस को बहुत परेशानी हो रही थी। रविवार शाम हितेश को चोटपुर कॉलोनी स्थित एक गिट्टी प्लांट पर काम करने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसका भाई कॉलोनी के ही हनुमान मंदिर की सीढ़ियों पर बैठा है। उसने फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी



और पुलिस ने राजपाल को खोल निकाला। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह मंदिर में सो जाता था। दिन में इधर-उधर घूमता रहता था। परिजन के मुताबिक, युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इसके चलते उसने घर छोड़ने के बारे में कोई सटीक जानकारी नहीं दी है। परिजन ने युवक को उपचार शुरू करा दिया है

# गोविंदपुरम के शिव शक्ति खाटू श्याम मंदिर में हुआ चौथा भव्य जागरण





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गोविंदपुरम स्थित शिव शक्ति खाटू श्याम दरबार मंदिर में सोमवार रात खाटू श्याम बाबा का चौथा वार्षिक जागरण बड़े श्रद्धा भाव से आयोजित किया गया। देर रात तक चले जागरण में भजन-कीर्तन से पूरा मंदिर परिसर श्याममय हो गया।

कार्यक्रम में पंडित सर्वेश शर्मा और पंडित गौरव शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई। जागरण में दीपक शर्मा, चंद्र बोस, यश, चीकू, अनुज गुप्ता, नकुल समेत बड़ी संख्या में भक्तों ने शिरकत की। भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की



प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। पंडित गौरव शर्मा ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी जागरण में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने बाबा श्याम के दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरी रात हारे के सहारे की जय और खाटू नरेश की जयह के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर समिति ने जागरण को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी भक्तों और सेवादारों का आभार जताया। श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष और भी भव्य आयोजन का संकल्प लिया।